हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 7 जनवरी 2026



# रेल लाइन के लिए बगैर सूचना नापी जा रही जमीन, किसानों ने किया विरोध

## जानकारी नहीं दिए जाने से किसान नाराज, विरोध करने कलेक्टोरेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

परमालकसा से खरसिया तक लगभग 278 किलोमीटर रेल लाइन निर्माण के लिए जमीन का सर्वे कार्य किया जा रहा है। इसके तहत जिले के नवागांव-बैगाटोला और इंदावानी क्षेत्र के किसानों ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। यहां नारेबाजी करते इस क्षेत्र के किसानों ने रेलवे को अपनी जमीन नहीं देने को लेकर नाराजगी जताई।

यहां पहुंचे किसानों ने बताया कि रेल लाइन के सर्वे का कार्य शुरू कर दिया गया है। आसपास के गांव में पटवारी द्वारा नापजोख किया जा रहा है। किसानों ने बताया कि रेल लाइन के लिए छोटे किसानों की जमीन नापी जा रही है और बड़े किसानों और औद्योगिक क्षेत्र की जमीनों को छोड़ा जा रहा है। यहां पहुंचे किसानों ने इस रेल परियोजना का विरोध करते अपनी जमीन से रेल लाइन नहीं ले जाने की बात कही है। ग्रामीणों ने कहा कि आज तक शासन या रेलवे विभाग ने उनके साथ कोई भी बैठक नहीं की है और ना ही कोई सूचना अथवा नोटिस दिया है।

किसानों के साथ कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे ग्राम पंचायत इंदावनी के सरपंच प्रतिनिधि समीर बंजारे ने कहा कि रेलवे लाइन के लिए नवागांव और बैगाटोला में सर्वे किया जा रहा है। इस सर्वे को हमारे गांव से पहले रोकने के लिए कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जमीन के माप से पहले किसी भी किसान को जानकारी नहीं दी गई है। रेलवे और राजस्व विभाग के लोग आकर किसी की भी जमीन में मार्क करके खूंटा गड़ा रहे।

### खेती-किसानी ही जीविका का सहारा

तीन गांव के किसानों और ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि यहां के ग्रामीण पूरी तरह से कृषि पर आश्रित हैं और कृषि कार्य से ही अपना व अपने परिवार का भरण-पोषण करते आ रहे हैं। सर्वे में कई किसान ऐसे आ रहे हैं। जिनकी लगभग पूरी जमीन चली जाएगी। ऐसे में वह अपनी जीविका कैसे चलाएंगे।शासन को भूमि अधिग्रहण करने के पूर्व ग्रामीणजनों से अनुमति, सहमति लेना चाहिए था। ग्रामीणों ने मांग करते कहा कि रेलवे लाइन बिछाने का काम किया रहा है, उसे तत्काल रोककर ग्रामीणजनों से बैठक लेकर विधिवत सहमति लेकर ही आगे की कार्रवाई करें।



### 282 किसान होंगे प्रभावित

किसानों के साथ पहुंचे जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख ने कहा कि किसानों के बिना जानकारी के रेल लाइन के लिए जमीन का नाप किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नवागांव में 38, बैगाटोला में 114 और इंदावानी में 135 किसानों की जमीन इस रेल लाइन में प्रभावित होगी। जिसका विरोध किसानों द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बैगाटोला में पटवारी के साथ पहुंचे कुछ लोगों द्वारा यहां खेतों में नाप किया गया है।

# धर्मापुर में धर्मांतरण से मचा बवाल

## हिंदू संगठनों ने जताया विरोध, सख्त कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक समुदाय द्वारा लगातार धर्मांतरण कराए जाने का मामला सामने आ रहा है। जिसको लेकर हिंदू संगठन भी लगातार कार्रवाई की मांग कर रहा है, लेकिन धर्मांतरण का मामला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। एक के बाद एक अलग-अलग क्षेत्र से धर्मांतरण के मामले सामने आ रही है। जिससे क्षेत्र का माहौल बिगड़ रहा है। मंगलवार को शहर के समीप ही ग्राम धर्मापुर में आदिवासी क्षेत्र से युवा और बच्चों को लाकर धर्मांतरण कराए जाने का मामला सामने आया। जिसके बाद यहां विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता धर्मांतरण के खिलाफ धर्मापुर पहुंचे और कार्रवाई की मांग करते नारेबाजी की।

शहर के समीप लगे धर्मापुर में धर्मांतरण करने का मामला आने के बाद हिंदू संगठन के लोगों ने इसका कड़ा विरोध करते प्रदर्शन किया। हिन्दू संगठन के लोगों ने बताया कि यहां पर पहले डेविड चाको द्वारा आवासीय परियोजन हेतु मकान बनाने की जानकारी स्थानीय सरपंच और ग्रामीणों को दी गई थी, लेकिन इसके बाद यहां पर चर्च बना दिया गया और अब यहां पर धर्मांतरण कराया जा रहा है।



### एसपी से कार्रवाई की मांग

धर्मापुर में धर्मांतरण के मामले को लेकर हिंदू जागरण मंच द्वारा पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई। हिंदू जागरण मंच के सुशील लड्ढा ने कहा कि कांकेर क्षेत्र से यहां बच्चों को लाकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। लड़का की लगातार मिशनरियों द्वारा धर्मांतरण कराया जा रहा है। भोले-भाले आदिवासियों को कई तरह का लालच देकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि धर्मापुर में बिना किसी जानकारी चर्च चलाया जा रहा है। जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग की गई है।

### अवैध तरीके से आश्रम चलाने की शिकायत

हिंदू संगठन द्वारा शिकायत ज्ञापन में कहा गया है कि धर्मापुर में ईसाई मिशनरियों द्वारा अवैध तरीके से आश्रम का संचालन किया जा रहा है। यहां पर लगभग 10 अनाथ आदिवासी बच्चों को रखा गया है। जिनमें किशोरियां भी शामिल है। इस आश्रम का संचालन डेविड चाको द्वारा किया जा रहा है, जो कि पूर्व में भी धर्मान्तरण कराने में लिप्त रहा है। संगठन द्वारा मांग की गई है कि धर्मापुर के इस आश्रम को तत्काल प्रभाव से बंद करा कर वहां मौजूद अनाथ बच्चों की उचित व्यवस्था किया जाए। धर्मापुर में धर्मांतरण को लेकर हिंदू संगठन के विरोध के बाद आश्रम संचालक को थाना बुलवाकर पूछताछ करते इस मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

# बस स्टैंड में टंगिया से हमला, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



बस में सोये एक युवक को बाहर निकलने कहने पर युवक ने आक्रोशित होकर विवाद किया और पास ही पड़े टंगिया से प्रार्थी पर हमला कर दिया। इस घटना में प्रार्थी के हाथ व सिर में चोंट आई है। पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार शहर के नए बस स्टैंड परिसर में बने नए परिसर में खड़ी बस में दोपहर के समय एक आरोपी युवक बाबू सोया हुआ था, जिसे एक ट्रेव्हल्स के मैनेजर मनीष तिवारी ने बस से बाहर निकलने बोला। जिस पर आक्रोश में आते हुए आरोपी बाबू ने परिसर में ही पड़े टंगिया को उठाकर टंगिया के पिछले हिस्से से हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार इस घटना में प्रार्थी के बांए हाथ एवं सिर पर चोंट लगी है। इस घटना की जानकारी जैसे ही आसपास के लोगों को मिली बस स्टैंड परिसर में सनसनी फैल गई।

### आरोपी फरार

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर कोतवाली पुलिस पहुंची और घायल को चिकित्सालय पहुचांया। इस मामले में मामला दर्ज कर पुलिस कार्रवाई कर रही है। इधर क्षेत्र में आए दिन मारपीट एवं चाकूबाजी की घटनाएं बढ़ रही है। जिससे आम लोगों में भय व्याप्त होने लगा है।

सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के बेरोजगार और असंतुष्ट युवा साथियों के लिए सुनहरा अवसर : मनपसंद काम और इनकम का पैकेज उपलब्ध है।
शीघ्र संपर्क करें सीमित दिनों के लिए
इंजीनियर पी एल सुलाखे
9425554092, 9644677750
हरि ओम नगर, मिलन चौक राजनांदगांव छत्तीसगढ़

किराये से देना है, राजनांदगांव में

गंज लाईन मेन रोड में सेन्ट्रल बैंक, बिल्डिंग के बेसमेन्ट, फर्स्ट फ्लोर, सेकण्ड फ्लोर में 30x150 = 4500 फुट के कमर्शियल तीन हॉल, लिफ्ट की सुविधा के साथ
संपर्क करें:- मो.: 7470870092

## खबर संक्षेप

### बस में छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** बस में सवार छात्राओं से छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया ने लिखित आवेदन पेश किया कि 6 जनवरी को सुबह लगभग सवा 10 बजे पीड़िता अपनी सहेली के साथ डोंगरगढ़ कॉलेज आने के लिए बस में बेलगांव से चढ़कर डोंगरगढ़ आ रहे थे। बस में पीड़िता एव उसके दोनों सहेली खड़ी थी। लगभग साढे 10 बजे ग्राम धुसेरा से अछोली के बीच बस पहुंचा था, बस कंडक्टर ने पीड़िता एवं उसकी सहेलियों के साथ बुरी नीयत से छेड़छाड़ किया। रिपोर्ट पर धारा-75(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस के अनुसार इस मामले में आरोपी नेतराम यादव 39 साल निवासी ग्राम बम्हनी पुलिस चौकी सुकुलदैहान को हिरासत मे लेकर पूछताछ किया गया। आरोपी नेतराम यादव द्वारा अपराध करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

# फोर्स को आघात पहुंचाने छुपाया था डंप बीजीएल-डेटोनेटर के साथ बारूद जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिले के अंतिम हिस्से के पहाड़ी में नक्सलियों द्वारा छुपाए गए विध्वंसकारी डंप बरामद करने में डीआरजी आईटीबीपी की संयुक्त टीम को बड़ी कामयाबी मिली है। नक्सली द्वारा जमीन में गढ़ा हुआ बीजीएल पाइप, डेटोनेटर, बारूद हाथ लगा है।

जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में सुरक्षा बल के जवानों द्वारा जिले को नक्सल मुक्त करने के उद्देश्य से निरंतर दिन-रात प्रभावी नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत आज फोर्स को एक और बड़ी सफलता मिली है। नक्सलियों द्वारा मोहला विकासखंड के अंदरूनी हिस्से में बड़ी वारदात को अंजाम देने की साजिश को समय रहते विफल कर दिया गया है। थाना मोहला अंतर्गत ग्राम परवीडीह की पहाड़ी, जो कि घने जंगलों एवं दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों से युक्त है, वहां नक्सलियों ने विस्फोटक सामग्री डंप किया हुआ था, जिसे डीआरजी टीम प्रभारी भगत जाड़े एवं आईटीबीपी 40वीं वाहिनी के जवानों द्वारा खोदकर निकाल लिया गया है।



### संयुक्त टीम की कार्रवाई

नक्सलियों का डंप बरामद किया गया है। यह कार्रवाई डीआरजी आईटीबीपी की संयुक्त टीम द्वारा किया गया है।

\- वाईपी सिंह, एसपी, एमएमसी

### आरकेबी डिवीजन में तलाश

माओवादियों का राजनांदगांव-कांकेर बॉर्डर डिवीजन मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में अपनी आखिरी सांस गिन रहा है। यहां स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर विजय रेड्डी और डिवीजन कमेटी सचिव लोकेश सलामे के 13 अगस्त को मुठभेड़ मे मारे जाने के बाद अब सिर्फ 7 केडर बाकी है। इनमें रूपी के अलावा मंगेश पोडियाम, रंजीत होडी, हिडमे मरकाम, महेश डोडी, गणेश और राजे शामिल हैं। इन सातों के निराकरण के बाद मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला माओवादी हिंसा से मुक्त हो जाएगा।

**एमएमसी में 7 नक्सली की तलाश:** अब तक लाल आतंक और मौतों के तांडव के दशक में जी रहे क्षेत्र के वनांचल में अंतिम 17 हथियार बंद नक्सलियों की तलाश सरगर्मी से हो रही है। मोहला-मानपुर और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जंगल में इन माओवादियों के लिए दोनों जिले की पुलिस ने मुहिम छेड़ रखा है। छत्तीसगढ़ के मोहला-मानपुर में 7 और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में 10 नक्सलियों को दोनों जिले की पुलिस ने अंतिम आह्वान किया है या तो हथियार सहित सरेंडर करो या मरने के लिए तैयार रहो। ऐसा माना जा रहा है कि इन 17 नक्सलियों के निराकरण के बाद इस वनांचल में नक्सलवाद के ताबूत पर अंतिम कील ठोक दिया जाएगा।

### आत्म समर्पित नक्सलियों ने कराया बरामद

नक्सलियों के डंप की सूचना आत्म समर्पित नक्सलियों ने प्रदान करने की खबर है। सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बलों की सतर्कता एवं सूझबूझ के साथ कार्रवाई करते नक्सलियों द्वारा छुपाकर रखा गया कुल 11 नग क्लेमोर माइन (पाईप बम) निर्माण में प्रयुक्त विस्फोटक, लगभग सौ नग डेटोनेटर परवीडीह पहाड़ी के डंप में बरामद किया गया है।

## जिलेभर में एक साथ होगी 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षा

# 16 जनवरी से बोर्ड कक्षाओं की प्री-बोर्ड परीक्षा, विनोबा एप में दर्ज होंगे परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी निर्देश के तहत जिले में भी दसवीं एवं बारहवीं कक्षा की प्री बोर्ड परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी गई है। हालांकि नेशनल गेम्स की वजह से जो परीक्षाएं 15 जनवरी से पहले आयोजित किए जाने के निर्देश थे, उस प्री-बोर्ड परीक्षा की शुरूआत राजनांदगांव जिले में 16 जनवरी से होने जा रही है।

जिसकी समाप्ति 23 जनवरी को होगी। खास बात यह है कि परीक्षा की शुरूआत दिन से ही कॉपी जांचने का काम भी शुरू हो जाएगा। बताया गया कि जिला शिक्षा महकमे की तरफ से सभी स्कूल प्राचार्यों को निर्देश जारी कर परीक्षा परिणाम तेजी से जारी करने के लिए परीक्षा के दिन से ही मूल्यांकन का कार्य शुरू करने कहा गया है।वहीं परिणाम को 27 जनवरी से पहले तक विनोबा एप में दर्ज करने भी कहा गया है। जिससे यह मूल्यांकन किया जा सकेगा कि जिले में बच्चों की बोर्ड परीक्षा को लेकर कितनी और किस तरह की तैयारियां हो चुकी है।

### खास बातें

- आज प्राचार्यों की बैठक लेंगे डीईओ
- प्री-बोर्ड के बाद भी क्लासेस लेकर कराएंगे तैयारी



### पूरे कोर्स से पूछे जाएंगे सवाल

जारी निर्देश में यह भी साफ कर दिया गया कि प्री-बोर्ड परीक्षा में दसवीं एवं बारहवीं कक्षा के शत-प्रतिशत कोर्स से सवाल लिए जाएंगे। इसके साथ ही प्रश्न पत्र भी जिला स्तर से ही तैयार किए जाएंगे। जिसका शालावार वितरण विकासखंड शिक्षा कार्यालय से किया जाएगा।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™


निःशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर
दिनांक: 07 जनवरी से 11 जनवरी
समय: मंगलवार से शनिवार ( प्रातः 11:00 बजे से शाम 7:30 बजे तक)
रविवार: प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक
▸ श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ स्पीच थेरेपी
▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श)

| कचहरी चौक (रायपुर) | बैरन बाजार (रायपुर) | शंकर नगर (रायपुर) | श्रीनगर,(रायपुर) |
|---|---|---|---|
| शॉप नंबर- 14, कृष्णा काम्प्लेक्स, जिला एवं सत्र न्यायालय के सामने, कचहरी चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492001) | विमला सदन, छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास, फव्वारा चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492001) | प्रथम तल, एस. आर. प्लाजा सेक्टर-3, आरोग्य हॉस्पिटल के पास, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492004) | डॉ ओ पी लेखवानी, शुभम् हॉस्पिटल, संध्या पेट्रोल पम्प के पास, गुढ़ियारी रोड, श्रीनगर, रायपुर (492009) |
| **अंबिकापुर** | **भिलाई** | **बिलासपुर** | **धमतरी** |
| मनोज डायग्नोस्टिक सेंटर के ऊपर, मेन पोस्ट ऑफिस के पास, बाबूपारा, अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ (497001) | शॉप नंबर- 107-108, इथीराज टावर्स, जी.ई. रोड, सुपेला, भिलाई, छत्तीसगढ़ (490023) | शॉप नंबर- F5-F6, अम्बे बिजनेस सेंटर, LIC बिल्डिंग के सामने, मगरपारा रोड, मसानगंज, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ (495001) | डॉ. सरोज कुमार साहा क्लिनिक के ऊपर, धमतरी क्रिश्चियन (बठेना) हॉस्पिटल के पास, वेयरहाउस गोडाउन के सामने, रायपुर रोड, धमतरी (493773) |
| **जगदलपुर** | **कोरबा** | **सारंगढ़** | |
| विनाका मॉल के सामने, चित्रकोट रोड,धरमपुरा, जगदलपुर 494001 | मकान संख्या 52 ए, सिद्विविनायक हॉस्पिटल के पास, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे निहारिका रोड, कोसाबाड़ी, कोरबा (495677) | डॉ अनूप अग्रवाल, माँ दुर्गा क्लिनिक, अग्रसेन चौक, पोस्ट ऑफिस के पास, दुर्गा लॉज के नीचे, (496445 ) | |

Google Play App Store
Khanna
Google Rating ★★★★★ PHILIPS Authorized dealer
For Appointment Call: 8319 603 298 9659 455 455
छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र | कर्नाटक | केरळ | तामिळनाडू | आंध्र प्रदेश | तेलंगाणा | पश्चिम बंगाल | बिहार | झारखंड

# अधिकार के लिए लोगों ने गंवाई जान, अब तक नहीं मिला न्याय

## स्वतंत्र भारत में 9 जनवरी 1953 को पहली बार चली थी निहत्थों पर गोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

- तहसील और कोषालय हटा
- नए दफ्तरों की स्थापना नहीं

आज़ादी के बाद शांतिपूर्ण आंदोलन पर गोली चलाने की संभवतः पहला घटना 9 जनवरी 1953 को छुईखदान स्टेट में हुई थी। उस समय छुईखदान विधानसभा मुख्यालय था और प्रशासनिक व्यवस्थाएँ यथावत रखने का आश्वासन दिया गया था। सरकार द्वारा तहसील कार्यालय एवं उपकोषालय को समाप्त कर अन्यत्र स्थानांतरित करने के निर्णय के विरोध में जनता ने शांतिपूर्ण आंदोलन किया था। लगभग 2.25 बजे डिप्टी कमिश्नर एमवी राजवाड़े एवं एसपी तनखीवाले के आदेश पर निहत्थे लोगों पर गोली चलाने का आदेश दिया गया।

### पांच की मौत, 24 घायल

हवाई फायर के बाद पुलिस ने एक साथ 19 राउंड गोलियां चलाईं। इस गोलीकांड में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 24 लोग घायल हुए थे। दर्जनों को चोटें आईं थी। मृतकों में दो पुरुष एवं तीन महिलाएँ शामिल थीं। पहले राउंड की फायरिंग में पं. बैकुण्ठ तिवारी एवं पं. द्वारिका प्रसाद तिवारी की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। उसके बाद भूलिनबाई महोबिया, कचरा बाई, मुस्लिम रमसीर बाई चंद्राकर की मौत हो गई। कुछ दिनों बाद नवागांव निवासी ठा. मनासिंह की इलाज के दौरान मृत्यु हुई। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. पद्माकर प्रसाद त्रिपाठी भी इस गोलीकांड में घायल हुए थे।



**खजाना भी ले गए** गोलीकांड के बाद प्रशासनिक दल उपकोषालय के रिकॉर्ड, खजाना एवं फर्नीचर पड़ोसी शहर ले गया। खजाने का हिसाब आज तक सार्वजनिक नहीं किया गया।

### जांच आयोग ने माना फायरिंग अनुचित

घटना के बाद जांच के लिए नागपुर हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति बीके चौधरी की अध्यक्षता में आयोग गठित किया गया। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा कि द फायरिंग वाज अनजस्टिफाइड। तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष ठा. प्यारेलाल ठाकुर ने मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल के विरुद्ध लाया गया अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से अस्वीकृत कर दिया गया।

### न्याय की प्रतीक्षा

गोलीकांड की 73 वीं बरसी पर क्षेत्रवासियों का कहना है कि छुईखदान ने इतिहास में बड़ा बलिदान दिया, लेकिन आज भी उसे संवैधानिक अधिकार नहीं मिला। जनता अब दलीय राजनीति से उठकर अधिकारों की लड़ाई के लिए एकजुट हो रही है। उल्लेखनीय है कि 3 सितंबर 2022 को उप चुनाव में मिली विजय से खुश होकर तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खैरागढ़–छुईखदान–गंडई को मिलाकर 31वां जिला बनाया। लेकिन अब तक छुईखदान और गंडई को कुछ नहीं मिला।

### मरहम के नाम पर विकासखंड

घटना के बाद मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल छुईखदान पहुंचे और उन्होंने छुईखदान को विकास खंड मुख्यालय घोषित किया गया। इसे शहीदों के घावों पर प्रशासनिक मरहम माना गया। छुईखदान रियासत ने भारत संघ में बिना शर्त विलय कर ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी। प्रथम विधानसभा में स्व. अमृतलाल महोबिया प्रथम मनोनीत विधायक बने। वर्तमान छुईखदान विकासखंड में तीन तहसीलें, दो नगर पंचायतें, एक जनपद पंचायत, पांच जिला पंचायत क्षेत्र, क्रमशः छुईखदान गंडई साल्हेवारा बकरकट्टा मोहगांव में पुलिस थाने एवं सीआरपीएफ इकाइयाँ हैं, इसके बावजूद क्षेत्र को पृथक विधानसभा का दर्जा नहीं मिल पाया है।

## खबर संक्षेप

### जीत का लहराया परचम शैलेष और नवीन ने

**खड़गांव।** स्थानीय विद्या श्री विजडम स्कूल के होनहार छात्र शैलेष यादव और नवीन कोठारी ने संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में परचम लहराया है। शैलेष यादव ने लंबी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नवीन कोठारी ने 80 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इन छात्रों का चयन ब्लॉक स्तर स्पर्धा के लिए हुआ है। प्राचार्य तरुण चौधरी ने उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### धान के सुस्त उठाव से केन्द्रों में बढ़ी समस्या



**सड़क अतरिया।** धान खरीदी अंतिम तिथि करीब आने के साथ ही समस्या बढ़ते जा रही है। केन्द्रों में जिस हिसाब से धान की आवक हो रही है उस अनुपात में परिवहन नहीं हो रहा है। धान खरीदी केन्द्र संड़ी, बुन्देली, ठाकुरटोला, पैलीमेटा, कुकुरमुड़ा अतरिया सभी जगह बफर लिमिट से दो गुना धान का संग्रहण हो गया है। स्थानाभाव के चलते किसानों का धान खरीदने में रोज परेशानी हो रही है। समितियों की मांग है कि थोक में डीओ जारी कर तत्काल धान का उठाव किया जाए। अन्यथा धान खरीदी बाधित हो सकती है।

### रामायण दिखाती है कि धर्म और कर्तव्य का मार्ग



**छुरिया।** ग्राम मेटेपार, साल्हेटोला, आतरगांव, मुंजालकला में गत दिनों मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया। समापन कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, जिपं सभापति बीरम मंडावी, खिलेश्वर साहू, नैनसिंह पटेल, अशोक सेन, हेमा कंवर, स्वाति मंडावी, बिसो बाई मंडावी शामिल हुए। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि रामायण एक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला महान ग्रंथ है। रामायण हमें सत्य, धर्म, प्रेम, त्याग और कर्तव्य का मार्ग दिखाती है। इस अवसर पर शोभाराम कंवर, उमेश कंवर, ब्रम्हानंद कंवर, चंद्रशेखर यादव, यूडी सार्वा, रामकुमार मंडावी, महेश मंडावी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### जंबूरी में शामिल होने स्काउट- गाईड दल रवाना




**छुईखदान।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में रोवर–रेंजर जंबूरी का आयोजन 9 से 13 जनवरी तक ग्राम दुधली जिला बालोद किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय आयोजन में विकासखंड के 49 स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर तथा 10 स्काउटर–गाइडर का दल शामिल होने रवाना हुआ है। दल को बीईओ गिरेंद्र कुमार सुधाकर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर बीआरसी दुष्यंत शर्मा, शैलेन्द्र मानिकपुरी, पोर्णिमा नेताम, शकुंतला ठाकुर, कुशालसिंह धुर्वे, अमरदास चेलक एवं दीपक तिवारी आदि उपस्थित थे।

## निधन



### शैलबाई सेन

**घुमका।** नगर पंचायत के वार्ड 4 निवासी 66 वर्षीय शैलबाई सेन का निधन सोमवार को हो। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार को निकाली गईं। अंतिम संस्कार नर्सरी के पास स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वह यामिनी सेन की मां और सेवानिवृत शिक्षक देवीलाल सेन की धर्मपत्नी थी।



### चैतीबाई देवांगन

**घुमका।** नगर के चंडी माता वार्ड की 82 वर्षीय चैतीबाई देवांगन का निधन सोमवार रात्रि को हो गया। उनका अंतिम संस्कार नर्सरी के पास स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वह खेमलाल, भुनेश्वर और जहनू देवांगन की मां थी।



### रेखराज गोस्वामी

**बेलगांव।** ग्राम के रेखराज गोस्वामी का आकस्मिक निधन हो गया। वह अपने पीछे मां, पत्नी और दो बच्चियों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। गांव के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजिकजन मौजूद थे।

## सीसीटीवी कैमरा में कैद हुई चोरी की वारदात

# शातिर चोरों ने टैंकर से चुराया 200 लीटर डीजल

### जांच में जुटी गंडई पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

क्षेत्र में चोरों के हौसले किस कदर बुलंद हैं इसका ताजा उदाहरण देवपुरा स्थित एचपी पेट्रोल पंप में देखने मिला है। यहां शातिर चोरों ने आधी रात को धावा बोलकर पंप परिसर में खड़े टैंकर से लगभग 200 लीटर डीजल पार कर दिया। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें चोर स्कार्पियो वाहन का उपयोग करते नजर आ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार एचपी कंपनी का टैंकर सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात पंप परिसर में खड़ा था। मध्य रात्रि अज्ञात स्कार्पियो में आए चोरों ने टैंकर के डीजल टैंक का ताला तोड़कर बड़ी मात्रा में डीजल निकाल लिया।



### सीसीटीवी फुटेज से खुला राज

चोरी का पता सोमवार सुबह तब चला जब वाहन चालक ने टैंकर का ताला टूटा पाया। शक होने पर पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। फुटेज में साफ दिखा कि अज्ञात स्कार्पियो टैंकर के पास रुकी और उसमें सवार कुछ लोगों ने बड़ी फुर्ती से चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि चोरों ने करीब 200 लीटर डीजल निकाला है। घटना के बाद मैनेजर लतीफ खान ने गंडई थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# गौशाला का अवलोकन पहल की सर्वत्र प्रशंसा

### गौवंश की होगी रक्षा : ताम्रकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

चकनार नर्मदा में मां नर्मदा गौधाम सेवा समिति ने ग्रामीणों के सहयोग से गौशाला का संचालन शुरू किया है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने गौशाला का अवलोकन कर ग्रामीणों के प्रयास की सराहना की।

उन्होंने कहा कि गौवंश की रक्षा एवं व्यवस्थापन के लिए ग्रामीण आगे आएं तो मवेशियों का जीवन सुखमय हो जाएगा।

मवेशियों के उचित प्रबंध से फसल नष्ट होने से बचेगी साथ ही तस्करी पर भी रोक लगेगी। इस मौके पर सरपंच दूजे राम वर्मा, गोरेलाल जंघेल, वंदना पटेल, गीताराम, कालूराम जंघेल, पवन पटेल, सुभाष जैन, गौरव गोलछा, लालचंद पटेल, कमलेश मिश्रा, बालाराम जंघेल, दीपचंद चंदेल, जगदीश जंघेल, योगेश जंघेल, लोमश जंघेल, अशोक सिन्हा, रमेश जंघेल, हेमप्रसाद वैष्णव, हेमंत पटेल, यशवंत पटेल, भुनेश यादव, साहेबलाल जंघेल, रूपसिंह पटेल, दूर्जन जंघेल, भैरव साहू, विशंभर पटेल, पुलेन्द्र जंघेल आदि मौजूद थे।

# उपभोक्ताओं को हर 30 मिनट में मिल रही है विद्युत खपत की पूरी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी विद्युत (उपभोक्ताओं के अधिकार) नियमन 2020 केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा जारी मीटरिंग कोड एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाए गए नियमों के पालन में सभी घरेलू, गैर घरेलू एवं शासकीय विभाग के कनेक्शनों में (कृषि पंपों को छोड़कर) के पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटरों से बदला जा रहा है। यह कार्य भारत सरकार और राज्य सरकार के संयुक्त निर्देशों पर आरडीएसएस योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। इस स्कीम के तहत राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंड़ई एवं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 02 लाख 70 हजार 688 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। स्मार्ट मीटर लगने के साथ ही उपभोक्ताओं को मोर बिजली एप के माध्यम से हर आधे घंटे की खपत का रिकॉर्ड मिलने लगा है।

### घरों और दफ्तरों में लग रहे स्मार्ट मीटर

विद्युत विभाग के पब्लिसिटी ऑफिसर धर्मेन्द्र शाह मंडावी ने बताया कि राजनांदगांव वृत्त के अंतर्गत राजनांदगांव जिले में कुल 235230, खैरागढ़-छुईखदान-गंड़ई जिले में 81213 एवं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिलें में 62008 घरेलू, गैर घरेलू एवं शासकीय विभाग के कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं मिलेगी एवं सटीक बिलिंग और ऊर्जा दक्षता में सुधार होगा। स्मार्ट मीटर लगाने का काम समयत्रसीमा में पूर्ण करने कंपनी की टीमें लगातार कार्य में जुटी हुई है। श्री मंडावी ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगवाने उपभोक्ताओं से कोई भी शुल्क नहीं लिया जा रहा है। राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंड़ई एवं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य जीनस कंपनी द्वारा किया जा रहा है, जिनके कर्मचारी यूनिफार्म एवं विद्युत विभाग के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित आईकार्ड के साथ कार्यालयीन समय में मीटर लगाने का कार्य करते हैं।

शहर के जीवन कालोनी के रहवासी संजय मिश्रा ने बताया कि बिजली विभाग ने उनके घर में स्थापित पुराने विद्युत मीटर को बदलकर नए स्मार्ट मीटर लगाया है। दो महीने पहले स्थापित इस स्मार्ट मीटर से वे मोबाइल पर घर में विद्युत खपत की हर एक-एक यूनिट की जानकारी हासिल कर पा रहे है। इससे उन्हें घर में उपलब्ध विद्युत सामग्री जैसे फ्रिज, एसी, टीवी, ट्यूबवेल, हीटर, गीजर, पंखे, लाइट इत्यादियों के विद्युत खपत को समझने में सुविधा मिल रही है। साथ ही विद्युत बचत करने का प्रोत्साहन भी मिल रहा है और हर आधे घंटे की खपत का रिकार्ड में मोर बिजली ऐप से अपने घर का खपत भी देख पा रहे हैं।

# कलाकार हमेशा कुछ नया सीखें, निखरेगी कला : गांधी




**अर्जुनी।** ग्राम में युवा शक्ति मित्र मंडल ने गत दिनों रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम में ग्रामीण अंचल के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति देकर बड़ों से लेकर बच्चों का मन मोह लिया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने शामिल होकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि गीत, संगीत सहित अन्य कला को सीखने की कोई उम्र नहीं होती है।व्यक्ति को अपनी रूचि के अनुसार कला सहित अन्य क्षेत्र में हुनरमंद बनने के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। इस मौके पर फेरुराम इंदुरिया, डिकेश साहू, दिनेश साहू, रेशम साहू, रेखालाल निषाद, श्रवण निषाद, हीरा सोनकर, मनीष साहू, संजु गंधर्व, भानु सोनी, गजेन्द्र साहू, राजा, संदीप साहू, मामेश साहू, नेमुक निषाद ,ठाकुरराम इंदौरिया, आयोजन समिति अध्यक्ष दिनेश सोनकर, प्रतीक सोनकर, संजय निषाद एवं अन्य मौजूद थे।

## चिल्ड्रन गार्डन प्ले स्कूल में स्पर्धा का आयोजन

# खेल महोत्सव में जमकर खेले बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नगर के चिल्ड्रन गार्डन प्ले स्कूल में शनिवार को विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। बालक वर्ग में दौड़ में ओम साहू प्रथम, आर्यन कांडे द्वितीय, अयान मेश्राम तृतीय, बालिका वर्ग में नव्यता कुंभकार प्रथम, पीयूषा गौतम द्वितीय, डिंपल सोनी तृतीय, कुर्सी दौड़ बालक में अयान मेश्राम प्रथम, ओम साहू द्वितीय, आर्यन कांडे तृतीय, बालिका वर्ग में पीयूषा गौतम प्रथम, नव्यता कुंभकार द्वितीय, डिंपल सोनी तृतीय, आलू दौड़ बालक वर्ग में ओम साहू प्रथम, आर्यन कांडे द्वितीय, अयान मेश्राम तृतीय रहे।

कक्षा के जी 2 से दौड़ बालिका वर्ग में आव्या पंसारी प्रथम, दीक्षा साहू द्वितीय, हिमानी महेश्वरी तृतीय, कुर्सी दौड़ में आव्या पंसारी प्रथम, लक्ष्य साहू द्वितीय, अंबिका कुंवर तृतीय, आलू दौड़ में आव्या पंसारी प्रथम, दीक्षा साहू द्वितीय, हिमानी महेश्वरी तृतीय रही। कक्षा केजी 1 दौड़ में देवांश यादव प्रथम, प्रणव ठाकुर द्वितीय, एकलव्य साहू तृतीय रहे।



### मैदान में दिखी प्रतिभा

कुर्सी दौड़ में तनुष गांधी प्रथम, मेहुल भट्ट द्वितीय, संस्कार तृतीय, आलू दौड़ में देवांश यादव प्रथम, मेहुल भट्ट द्वितीय, प्रणव ठाकुर तृतीय, कक्षा नर्सरी से दौड़ बालक वर्ग में रुद्र महेश्वरी प्रथम, आदविक महेश्वरी द्वितीय, आदित्य गुप्ता तृतीय, बालिका वर्ग में दित्या गांधी प्रथम, आन्या कांडे द्वितीय, शिवांगनी कुंवर तृतीय, कुर्सी दौड़ बालक वर्ग में छ्यांग सोनी प्रथम, रुद्र महेश्वरी द्वितीय, युवांश महेश्वरी तृतीय, कक्षा प्ले ग्रुप दौड़ बालक वर्ग में रोहांश साहू प्रथम, शिवांश पटेल द्वितीय, सामर्थ तृतीय, कुर्सी दौड़ में हितिका अहीर प्रथम, चेष्ठा साहू द्वितीय, ओजस्वी साहू तृतीय रहे। प्रतियोगिता के आयोजन में शिक्षक करिश्मा साहू, यशस्वी उके, प्रीति कुलदीप, कंचन त्रिपुरे, ज्योति कोर्राम, सिमरन साहू, धनेश्वरी राजपूत ने सहयोग दिया।

# जीपीएफ पासबुक में एंट्री के लिए उगाही

**डोंगरगांव।** जीपीएफ पासबुक बनाने और एंट्री के नाम पर एक सरकारी विभाग में जमकर लूट मची है। पासबुक बनाने और राशि एंट्री करने की आड़ में बेरोकटोक बेजा वसूली करने से कर्मचारियों में जमकर नाराजगी देखने मिल रही है। उल्लेखनीय है कि सभी कर्मचारियों के वेतन से जीपीएफ के लिए राशि की कटौती किया जाता है। यह राशि किसी भी कर्मचारी से सेवानिवृत्त होने पर एकमुश्त भुगतान किया जाता है साथ ही आकस्मिक परिस्थिति में आंशिक राशि आहरण की सुविधा होती है। वेतन से कटने वाली राशि का उल्लेख पासबुक में होता है जिसका संधारण संबंधित विभाग द्वारा किया जाता है। इन दिनों एक विभाग द्वारा अपने अधीन आने कर्मचारी जिनकी पासबुक नहीं बनी है उनकी पासबुक बनाने के अलावा पुरानी पासबुक में वर्तमान स्थिति की एंट्री की जा रही है। शिकायत के अनुसार पासबुक बनाने और एंट्री करने की आड़ में जमकर बेजा उगाही की जा रही है जो आठ सौ से लेकर दो हजार तक है। बताया जाता है कि इस विभाग में एक हजार से अधिक कर्मचारी है जिनसे हो रही उगाही की रकम लाखों तक पहुंचने की चर्चा है। जानकारी के अनुसार विभाग में कुछ ऐसे लोगों भी सक्रिय हैं जो कर्मचारियों को राशि देने प्रेरित कर रहे है।

## खबर संक्षेप

### दैहान का मड़ई 9 को

**बांधाबाजार।** समीपवर्ती ग्राम दैहान में आगामी 9 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने मनोरंजन हेतु रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी भकुर्रा का कार्यक्रम रखा है। मंडई मेला समिति एवं ग्राम वासियों ने आसपास के लोगों से शामिल होने की अपील की है। यह जानकारी विजय भारतद्वाज ने दी।

### खल्लारी मड़ई 8 को

**डोंगरगढ़।** ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम खल्लारी में आगामी 8 जनवरी को मंडई का आयोजन रखा गया। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए भाठागांव बालोद के छत्तीसगढ़ी नाच का मंचन होगा। सरपंच नंदकिशोर कंवर ने यह जानकारी देते हुए आसपास के लोगों से शामिल होने की अपील की है।

### इंदिरा नगर टंकी से आज शाम पेयजल आपूर्ति बाधित

**राजनांदगांव।** इंदिरा नगर पानी टंकी की सफाई कार्य किया जाना है। जिसके कारण इंदिरा नगर (क्षमता 15.00 लाख लीटर) स्थित उच्च स्तरीय जलागार नहीं भर पाएगा। इस वजह से इंदिरा नगर टंकी से कल 7 जनवरी को शाम के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। इस संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि ग्रीष्मऋतु में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर पानी टंकियों की सफाई कराई जा रही है। इसी कड़ी में कल 7 जनवरी को इंदिरा नगर टंकी की सफाई की जानी है। सफाई करने के कारण उक्त टंकी नहीं भर पाएगी। जिससे शाम के समय की सप्लाई बाधित होगी। आयुक्त ने बताया कि इंदिरा नगर टंकी सप्लाई क्षेत्र इंदिरा नगर वार्ड, चौखड़ियापारा, नंदई, हीरामोती लाइन, गंज लाइन, ब्राम्हणपारा, पठानपारा, उदयाचल, दुर्गा चौक, दिग्विजय कालेज रोड, दिवानपारा, सतनामीपारा, सेठीनगर, मोहारा बजरंग नगर में कल 7 जनवरी को शाम को पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी। 8 जनवरी को सुबह समय में पेयजल सप्लाई होगी।

### ब्लू और ब्लैक टीम के बीच होगा मुकाबला

**राजनांदगांव।** लोहाणा नवयुवक मंडल के तत्वावधान में आयोजित बॉक्स क्रिकेट लीग के दूसरे वर्ष भी लोहाणा महिला क्रिकेट लीग का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में समाज की महिला खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे देखने समाज के वरिष्ठजन और खेलप्रेमी बड़ी संख्या में उमड़ पड़े। टूर्नामेंट में लोहाणा समाज की कुल चार टीम ने हिस्सा लिया। इन टीमों का नेतृत्व अनुभवी कप्तानों ने किया। जिसमें लोहाणा ब्लू के कप्तान दिव्या ठक्कर, लोहाणा ब्लैक के कप्तान पायल जोबनपुत्रा, लोहाणा येलो के कप्तान रूपा कोटक एवं लोहाणा मेहरून के कप्तान मानसी सेजपाल है। प्रतियोगिता के शुरूआती लीग मैच सन सिटी एनएक्स टर्फ में खेले गए। रोमांचक मुकाबलों के बाद लोहाणा ब्लू और लोहाणा ब्लैक की टीमों ने अपने-अपने मैच जीतकर फाइनल में जगह पक्की की है। अब इस लीग का खिताबी मुकाबला कल 7 जनवरी को रात्रि में तुलसी विहार टर्फ में खेला जाएगा। आयोजन समिति के सदस्य मनीष साहिता एवं योगेश कोटक ने बताया कि फाइनल मैच को लेकर समाज के युवाओं

## साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आयोजित

# महिलाओं के ब्रेस्ट कैंसर की जांच के लिए शुरू होगा विशेष अभियान

### समस्याओं का शीघ्र निराकरण के निर्देश




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि कृषकों की सुविधा के लिए एकीकृत किसान पोर्टल 7 जनवरी तक खुला रहेगा। किसानों के पंजीयन उपरांत विभिन्न किसानों द्वारा संशोधन के लिए आवेदन किया जा रहा है। उन्होंने किसानों की पंजीयन एवं संशोधन संबंधी समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छोटे किसानों के धान की खरीदी प्राथमिकता से करें। उन्होंने धान खरीदी अंतर्गत सभी नोडल अधिकारियों को धान उपार्जन केन्द्रों में भौतिक सत्यापन, पंचनामा एवं अन्य व्यवस्था का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं की स्क्रीनिंग के कार्य में अनिवार्य रूप से गति लाने कहा। उनकी सोनोग्राफी, स्वास्थ्य सुविधाओं, दवाईयों पर विशेष ध्यान देते कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं के ब्रेस्ट कैंसर की जांच के लिए शिविर लगाकर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने फूड सेफ्टी विभाग को जिले के खाद्य प्रतिष्ठानों में मिठाई, दूध, पनीर एवं अन्य खाद्य पदार्थों की जांच के लिए लगातार निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थ अमानक पाए जाने पर कार्रवाई करें। कलेक्टर ने पीजीएन पोर्टल, सीएम जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन के प्रकरणों की गहन समीक्षा की तथा इसका शीघ्र निराकरण करने कहा। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने दायित्वों का प्रतिबद्धतापूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली के माध्यम से सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी उपस्थिति देना सुनिश्चित करेंगे। जिससे कार्य के प्रति विश्वसनीयता और अनुशासन बना रहेगा।

### वरिष्ठजनों के लिए शिविर

उन्होंने कहा कि भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को जबलपुर द्वारा राजनांदगांव जिले के वरिष्ठजनों को निःशुल्क जीवन सहायक उपकरण प्रदाय करने हेतु 12 से 15 जनवरी तक मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें एलिम्को के तकनीकी दल द्वारा परीक्षण किया जाएगा। शिविर में वृद्धजनों को व्हीलचेयर, वाकिंग स्टिक, स्पाईनल स्पोर्ट जैसे विभिन्न तरह की जीवन सहायक उपकरण का उपलब्ध कराया जाएगा।

### सूर्यसभा का आयोजन

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से जनमानस को अधिक से अधिक लाभान्वित करने प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सूर्यसभा का आयोजन किया जा रहा है, इसे जारी रखें।

### बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों की समीक्षा

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के बेहतर परीक्षा परिणामों के लिए बच्चों को प्रतिदिन लेखन का अभ्यास कराने कहा। उन्होंने बच्चों की उपस्थिति, अपार आईडी और उनके अध्ययन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि परीक्षा को ध्यान में रखते बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देना है। उन्होंने 11 से 15 जनवरी तक जिले में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता की तैयारी करने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया।

# चोर गिरोह के चार आरोपी पकड़े गए, सामान बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चोरी की घटनाओं में जांच पड़ताल कर रही पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले आदतनों को नागपुर महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी ने 14 दिसंबर 25 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 12 दिसंबर से 13 दिसंबर 25 के मध्य उसके सूने मकान से किसी अज्ञात चोर द्वारा घर के अंदर रखे नगदी रकम 50,000 रुपए, दो जोड़ी चांदी की पायल, बिछिया, एक जोड़ी सोने का टॉप्स को चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार अन्य प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 30 दिसंबर की दरम्यानी रात्रि किसी अज्ञात चोर द्वारा घर के पीछे खड़की के एंगल को तोड़कर आलमारी में रखे नगदी रकम तथा पूजा स्थान में रखे दो नग चांदी की थाली, दो नग चांदी का गिलास, चांदी की कटोरी, तीन जोड़ी चांदी की पायल, दो नग चांदी का लंबा दीया, दो नग बांदी का छोटा दीया तथा एक नग वांदी का मीडियम दीया को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया था।

### घेराबंदी कर पकड़े

इस मामले में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर व सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पम्मार के नेतृत्व में दोनों प्रकरण के मामले में चोरी के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीम गठित किया गया। शहर के चौक-चौराहे एवं दुर्ग-भिलाई व नागपुर महाराष्ट्र रूट में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एवं तकनीकी सहायता की मदद से दो अलग-अलग टीम राजनांदगांव एवं नागपुर पहुंचकर संदेही आरोपियों की घेराबंदी कर पकड़ा, जिन्हें हिरासत में लेकर दोनों प्रकरण के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपियों ने घटना करना स्वीकार किया।

### आरोपियों से सामान जब्त

एक अपराध के मामले में आरोपी आकाश यादव उर्फ अबु बकर उर्फ शंभु यादव 32 साल पश्चिम बंगाल एवं रसल शेख 22 वर्ष पश्चिम बंगाल ने बताया कि वे दोनों आलमारी में रखे नगदी रकम तथा पूजा स्थान में रखे चांदी के बर्तनों व चांदी के दीया व अन्य सामग्री को 30 दिसंबर की दरमियानी रात्रि को प्रार्थी के घर के पीछे के खिड़की के एंगल को तोड़कर घर अंदर जाकर चोरी कर ले गए। आरोपियों के कब्जे से चोरी का एक जोड़ी टाप्स, एक जोड़ी चांदी की पायल, एक जोड़ी बिछिया, नगदी रकम 7500 रुपए, घटना में बाइक प्लसर को जब्त कर गिरफ्तार किया गया। दूसरे अपराध के मामले में आरोपी अजय जैन 40 साल निवासी क्लब चौक कौढीखाना रोड, राजेश निषाद 35 साल निवासी ग्राम शिकारीमहका ने बताया कि वे दोनों घटना दिनांक को सृष्टि कालोनी में प्रार्थी के घर से चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से एक चांदी की थाली तथा दो नग चांदी का लंबा दीया, एक नग चांदी का मीडियम दीया, दो नग चांदी का छोटी दीया तथा एक बाइक सीडी डिलक्स को, जिसे पेश करने पर जब्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां जेल वारंट प्राप्त होने से जिला जेल दाखिल किया गया।

# कुवारदल्ली हत्याकांड में प्रयुक्त बंदूक को पुलिस ने किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के कुवारदल्ली गांव में शुक्रवार रात नशे की हालत में अपने 22 वर्षीय बेटे के ऊपर भरमार बंदूक से गोली दाग कर हत्या और पत्नी को घायल करने के बाद बंदूक के साथ फरार आरोपी पिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। हत्या में प्रयुक्त भरमार बंदूक को घटना के आज पांचवे दिन अंबागढ़ चौकी पुलिस ने बरामद कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि 2 जनवरी को अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के ग्राम कुवारदल्ली में घरेलू विवाद के चलते आरोपी संत कुमार 48 साल ने गांव के बाहर जंगल किनारे अपने कोठार में अपने 22 वर्षीय इकलौते पुत्र शेखर उईके की भरमार बंदूक से हत्या और पत्नी शांतिबाई को घायल करने के बाद फरार हो गया था।

तीसरे दिन सुबह आरोपी की लाश घटनास्थल से कुछ दूर पर एक पेड़ पर लटकी हुई मिली। वारदात के आज पांचवे दिन भरमार बंदूक कुल्हारदो गांव की सरहद पर स्थित एक झोपड़ी में मिली है, जिसे थाना प्रभारी अश्वनी राठौर की टीम ने बरामद कर लिया है।

### अब तक बंदूक से मार डाला कई जानवर



गोलीकांड में 22 वर्षीय बेटे की मौत फिर खुद को मार डालने के बाद आरोपी संत कुमार के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि वह दुर्दांत शिकारी था। खड़बत्तर, मुरेर, कुवारदल्ली, कुल्हरदो के जंगलों में बड़े पैमाने पर जंगली-जानवरों का शिकार करते आ रहा था। सैकड़ों जानवर और पक्षियों का उसने अब तक वध कर चुका था।

### फरार हो गया था आरोपी

आरोपी संत कुमार भरमार बंदूक से गोली चलाकर अपने बेटे की हत्या और पत्नी को घायल करने के बाद रात से ही बंदूक के साथ फरार हो गया था। जिसकी लाश तीसरे दिन सुबह घटनास्थल से कुछ दूर में डूमर के पेड़ पर लटकी हुई मिली। आज पांचवें दिन भरमार बंदूक कुल्हारदो गांव की सरहद पर स्थित अशोक जुरेशिया के कोठार के झोपड़ी में मिली, जिसे सूचना मिलते ही निरीक्षक अश्वनी राठौर ने बरामद कर लिया है।

### जब्त की बंदूक

हत्या में प्रयुक्त बंदूक को बरामद कर लिया गया है। आरोपी इसी भरमार बंदूक से जंगली जानवरों का भी शिकार करता था।

- **अश्वनी राठौर,** थाना प्रभारी, अंबागढ़ चौकी

# जॉब कार्ड का एआई डाटाबेस, रूकेगी गड़बड़ियां

## विकसित भारत की पहचान बनेगी जी-राम-जी, प्रभारी मंत्री ने दी योजना की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं जिले के प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव ने आज जिला भाजपा कार्यालय में प्रेस कान्फ्रेंस करते कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम है विकसित भारत जी-राम-जी। उन्होंने कहा कि मनरेगा अब जी-राम-जी के नाम से जाना जाएगा। इस योजना में विकास को लेकर कई नए प्रावधान भी किए गए हैं। जिससे देश के गांवों को विकसित बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में यह मील का पत्थर साबित होगा।



### भुगतान में नहीं होगी देरी

प्रभारी मंत्री ने स्पष्ट किया कि मजदूरी भुगतान अब सात दिनों के भीतर किया जाएगा। यदि निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं होता है तो विलंबित भुगतान पर अतिरिक्त राशि मजदूर को दी जाएगी, जिसे मजदूरी पर ब्याज की तरह माना जा सकता है। इससे मजदूरों को न्याय मिलेगा और भुगतान में देरी जैसी पुरानी समस्याओं का समाधान होगा।

### 125 दिन रोजगार की गारंटी

यह अधिनियम किसानों, मजदूरों और गरीबों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम मनरेगा योजना का उन्नत और अधिक प्रभावी रूप है और कई मायनों में इससे बेहतर है। मनरेगा में जहां 100 दिनों का रोजगार मिलता था। वहीं अब इस अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी। इससे मजदूरों की आमदनी में बढ़ोत्तरी होगी।

### 1 लाख 10 हजार करोड़ का प्रावधान

इस अधिनियम के माध्यम से कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और कौशल विकास जैसी गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि पुरानी सरकार मनरेगा में 80 हजार करोड़ रुपए खर्च करती थी, जिसे बढ़ाकर अब इस योजना में 1 लाख 10 हजार करोड़ कर दिया गया है। वहीं उन्होंने कहा कि इस योजना में कार्य करने वाले लोगों को एआई डाटा बेस जॉब कार्ड मिलेगा। जिससे मस्टर रोल में होने वाली गड़बड़ियां रूकेगी। वहीं खेती-किसानी के समय में प्रदेश सरकार चाहे तो 60 दिनों के लिए कार्य रोक सकती है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शताब्दी पांडे, जिला भाजपा के अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, भावेश बैद, दिनेश गांधी सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अवैध शराब मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** अवैध शराब उपलब्ध कराने के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 17 दिसंबर 2025 को सूचना के आधार पर राजनांदगांव पुलिस द्वारा त्वरित एवं सुनियोजित कार्रवाई करते ग्राम मुसराखुर्द शीतला मंदिर के पास स्थित एक मकान में अवैध शराब के भंडारण एवं बिक्री की साजिश का समय रहते भंडाफोड़ किया गया था। इस मामले में डोंगरगढ़ पुलिस एवं साइबर सेल की टीम ने रेड कार्रवाई की थी। मौके से आरोपी बीरबल वर्मा एवं चंद्रकांत उर्फ सोनू सेन को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में 62.64 बल्क लीटर अवैध अंग्रेजी शराब, 1860 नग फर्जी आबकारी स्टीकर, बिना नंबर टीवीएस जूपिटर मोपेड, मोबाइल फोन, औजार एवं नगद राशि बरामद की गई थी। पुलिस के अनुसार इस मामले में पूछताछ में खुलासा हुआ कि शराब एवं फर्जी लेबल की सप्लाई राजपाल सिंह भाटिया (महाराष्ट्र) एवं अवधेश सिंह हाल करंजा शराब दुकान जिला बालाघाट (मप्र) द्वारा की जाती थी। आरोपी अवधेश सिंह को 6 जनवरी को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59-क एवं बीएनएस की धारा 339, 336(3), 340(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना जारी है।

# दिव्यांगों का प्रदर्शन, शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र में नौकरी करने वाले शिक्षक को बर्खास्त करने की मांग को लेकर आज कलेक्टोरेट कार्यालय के गेट पर छत्तीसगढ़ दिव्यंग सेवा संघ के बैनर तले दिव्यांगजनों ने धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी कर रहे शिक्षक को बर्खास्त करने की मांग की।

दिव्यांग संघ के जिला अध्यक्ष हेमंतदास साहू ने कहा कि घोरदा में पदस्थ सहायक शिक्षक विकास लाटा फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र पर नौकरी कर रहे हैं। जिनके खिलाफ एक वर्ष से शिकायत के बाद भी अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने अपने ज्ञापन के माध्यम से फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र पर नौकरी कर रहे शिक्षक को बर्खास्त करने की मांग की। कलेक्टोरेट कार्यालय के गेट पर बैठकर दिव्यांगजनों ने जमकर नारेबाजी करते कहा कि छत्तीसगढ़ में दिव्यांगजनों को महज 500 रुपए की पेंशन मिल रही है। जबकि अन्य राज्यों में 5 से 6 हजार तक पेंशन दिया जाता है। वहीं दिव्यांगजनों ने कहा कि बीपीएल की बाध्यता की वजह से कई दिव्यांगों को पेंशन भी नहीं मिल पा रहा है।

# प्रदर्शन के बाद फिर खुल गई प्रीमियम वाइन शॉप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोहरा बायपास पर प्रीमियम वाइन शॉप को लेकर खींचतान की स्थिति दिखाई दे रही है। एक तरफ जहां क्षेत्र का माहौल खराब होने का हवाला देकर स्थानीय नागरिक, कांग्रेस कार्यकर्ता इस दुकान का विरोध कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर विभागीय और प्रशासनिक अधिकारी इस दुकान को यही संचालित करने के लिए अड़े हुए दिख रहे हैं। बीते दिनों प्रीमियम वाइन शॉप खोलने को लेकर विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेस ने तत्काल इस दुकान का शटर बंद करवाया था। वहीं यहां पर प्रीमियम वाइन शॉप नहीं खोले जाने की मांग करते वाइन शॉप खोलने पर उग्र प्रदर्शन की चेतावनी भी दी थी। इसके बावजूद प्रदर्शन के 2 दिन के भीतर ही फिर से दुकान खोल दिया गया था। जिसको लेकर एक बार फिर कांग्रेसियों ने आबकारी विभाग का घेराव किया और दुकान बंद की गई।

### स्थानीय लोगों का विरोध

विरोध के बाद दुकान बंद करने का आश्वासन देने के बाद भी यहां पर बार-बार प्रीमियम शराब दुकान खोले जाने की जिद इस क्षेत्र में बड़े आंदोलन का रूप ले सकती है। स्थानीय लोगों ने कहा है कि मोहारा बायपास चौक के समीप पहले ही बार, देशी और एक अंग्रेजी शराब दुकान संचालित हो रही है। इसके बावजूद आबकारी विभाग इस क्षेत्र में प्रीमियम शराब दुकान खोलने की जिद करे हुए बैठा है। जिससे क्षेत्र के लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। वार्ड की महिलाओं ने कहा कि अब आबकारी विभाग के खिलाफ शराब दुकान बंद करने को लेकर निर्णायक आंदोलन किया जाएगा।

### आबकारी विभाग का दोहरा चरित्र

राजनांदगांव शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि मोहारा बायपास में आबकारी विभाग द्वारा खोली गई प्रीमियम शराब दुकान के संचालन का कांग्रेस ने विरोध किया है। पहले ही शहर में नौ शराब दुकानें हैं। इसके बावजूद आबकारी महकमा संस्कारधानी के वातावरण को दूषित करने इनकी संख्या बढ़ा रहा है। कांग्रेस के प्रदर्शन के बाद आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त ने दुकान का संचालन स्थाई तौर पर बंद करने की बात कही थी, लेकिन दोहरे चरित्र वाले आबकारी महकमे ने एक बार फिर यह दुकान खोल दी है। इसके विरोध में 7 जनवरी की दोपहर 12 बजे से मोहारा बायपास में शराब दुकान के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## मेयर ने दौरा कर साफ-सफाई और पेयजल की स्थिति का लिया जायजा

# गर्मी के पहले शहर की सभी पानी टंकियों की होगी सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव सोमवार सुबह लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा के साथ शहर के वार्ड क्र. 1 व 2 में साफ-सफाई व पेयजल की स्थिति से अवगत होने वार्डवासियों से चर्चा की। उन्होंने नवागांव टंकी सफाई का निरीक्षण कर अच्छे से पूरी टंकी की सफाई करने तथा ग्रीष्म ऋतु के पूर्व शहर की सभी टंकियों की सफाई कराने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया।

महापौर यादव ने नवागांव, बाबूटोला, दीवानटोला में पैदल भ्रमण कर क्षेत्रवासियों से रूबरू हुए। उन्होंने साफ-सफाई की चर्चा कर कहा कि आप सब भी सफाई में सहयोग करें। कचरा निगम की गाड़ी में ही डाले, अपने घर के आसपास साफ-सुथरा रखें। उन्होंने नवागांव तालाब पार का निरीक्षण कर वार्ड के अलावा तालाब के आसपास साफ-सफाई करने, कचरा तालाब में नहीं डालने लोगों को समझाईस देने वार्ड प्रभारी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि वार्ड की सफाई पश्चात वार्ड में स्थित तालाब व उद्यान की भी सफाई कराएं



### विकास कामों का निरीक्षण

नवागांव तालाब के पास दीवानटोला फूलवारी के मुख्य मार्ग जो जर्जर हो चुका था, जिसे महापौर के निर्देश पर सीमेंटीकरण कराया गया। जिसका महापौर ने निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि वार्डों में इसी प्रकार आवश्यकतानुसार प्राथमिकता तय कर कार्य कराए जाएंगे, ताकि इसका लाभ वार्डवसियों को मिल सके।

### वाल्व और लिकेज की करें जांच

महापौर यादव नवागांव टंकी सफाई का निरीक्षण कर कहा कि टंकी की अच्छी तरीके से सफाई की जाए, टंकी के अंदर जमे रेत तथा लद्दी निकाल अच्छे से सफाई करें, टंकी के लिकेज की मरम्मत कराएं तथा अन्य आवश्यक चीजे दुरूस्त करें। उन्होंने जल प्रभारी अधिकारी से कहा कि ग्रीष्म ऋतु के पूर्व सभी टंकियों की सफाई करें तथा वाल्व व लिकेज पाईप लाइन की जांच कर मरम्मत करें। सुचारू पेयजल सप्लाई के लिए अभी से व्यवस्था दुरूस्त करना सुनिश्चित करें।

### आयुक्त ने ली जल विभाग की बैठक

आगामी ग्रीष्म ऋतु में सुचारू पेयजल सप्लाई के लिए नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने सोमवार को तकनीकी अधिकारियों एवं वाल्वमेन व पंप आपरेटरों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु के पूर्व कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। जिससे वार्डों के सभी क्षेत्र में सुचारू पेयजल सप्लाई हो सके।आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि सभी वाल्वमेन टंकी पूरा भरने पर वाल्व चालू करें तथा वाल्व खोलने के पश्चात पाईप लाइन आदि का अपने-अपने क्षेत्र में जांच करें और किसी भी परेशानी से संबंधित अधिकारी को अवगत कराएंगे तथा समय से वाल्व खोलना व बंद करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि वालमेनो को यह भी ध्यान रखना है कि टंकी भरते ही ओवर फ्लो होने पर बंद करना है। जिससे पानी वेस्ट न हो। उन्होंने पंप आपरेटरों से चर्चा कर किसी प्रकार की समस्या आने पर संबंधित अधिकारी से संपर्क कर अवगत कराने कहा। पंप खराब होने की जानकारी देने पर पंप सुधार कराने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किए।



राजनांदगांव को एक्सीडेंट मुक्त करने विस अध्यक्ष की पहल

# एनएच में 108 करोड़ की लागत से बनेंगे अंडरपास और सर्विस लेन

हरिभूमि न्यूज. राजनांदगांव

डॉ. रमन सिंह के प्रयास से एनएच-53 पर सोमनी से चिचोला तक सुरक्षित यातायात हेतु दुर्घटना जनित क्षेत्र पर सर्विस रोड व वाहन अंडर पास का निर्माण कार्य प्रारंभ हो रहा है। राजनांदगांव में यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखकर परिवहन की सुविधाओं के विस्तारीकरण के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 पर सोमनी से लेकर चिचोला तक वाहन सुरक्षा के लिए सड़क सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। जिसमें कुल 3 वाहन अंडरपास और सर्विस मार्ग निर्माण की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और सोमनी से चिचोला तक हादसा मुक्त आवागमन की दिशा में जल्द कार्य प्रारंभ होगा।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री सड़क एवं परिवहन मंत्रालय नितिन गडकरी का आभार व्यक्त करते विधानसभा अध्यक्ष और राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और श्री गडकरी के नेतृत्व में केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे देश में सड़कों का जाल बिछाने का काम हुआ है और राजनांदगांव भी इस कड़ी में कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है।



## हादसे रोकने पहल

विधानसभा अध्यक्ष और राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह और सांसद संतोष पांडेय के प्रयास से इन विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है। जिसके पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को इस सर्विस लेन से लाभ होगा और यह मार्ग हादसों से मुक्त होगा और ग्रामवासियों एवं हाईवे पर आवागमन करने वाले वाहनों को इन सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

## सोमनी से लेकर चिचोला तक होगा निर्माण

इस दिशा में मूंदड़ा कुंज से ट्रांसपोर्ट नगर बायपास तक दोनों तरफ सर्विस रोड और पेंड्री में वाहन अंडरपास के लिए कुल 47 करोड़ लागत, सुंदरा डेंटल कॉलेज से पार्रीनाला तक एक तरफ के सर्विस रोड निर्माण के लिए 7.8 करोड़ लागत, सोमनी गांव के दोनों छोर ईरा मोड तथा खुटेरी मोड तक सर्विस रोड के निर्माण के लिए लगभग 4.78 करोड़ की लागत, महाराजपुर के लिए वाहन अंडरपास एवं मुख्य मार्ग पर दोनों तरफ सर्विस रोड के लिए कुल 22 करोड़ की लागत और चिचोला, एलबी नगर, डोंगरगढ़ रोड के पास वाहन अंडरपास एवं मुख्य सड़क के दोनों ओर सर्विस रोड के लिए कुल 27 करोड़ की लागत की टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है और जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ होने जा रहा है।












## खबर संक्षेप

### मोहतरा खुर्द में भव्य अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ, निकली ऐतिहासिक कलश शोभा यात्रा



**हरिभूमि पंडरिया।** विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम मोहतरा खुर्द में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी भव्य अखंड नवधा रामायण का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रारंभ हुआ। आयोजन के प्रथम दिन ग्रामवासियों द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे गांव को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। कलश शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में सुहागिन महिलाएं एवं बालिकाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। ढोल-मंजीरा, भजन-कीर्तन और जय श्रीराम के उद्घोष के बीच निकली यह शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गो से होते हुए आयोजन स्थल पहुंची। जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। ग्रामीणों ने बताया कि अखंड नवधा रामायण का आयोजन ग्राम में आपसी भाईचारे, सद्भाव और धार्मिक चेतना को सुदृढ़ करने का प्रतीक है। आयोजन के दौरान प्रतिदिन रामायण पाठ, भजन–कीर्तन एवं प्रवचन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की है। पूरे गांव में रामायण आयोजन को लेकर विशेष उत्साह और उल्लास का माहौल बना हुआ है।

### मोहगांव में इंडियन ऑयल क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

**हरिभूमि मोहगांव।** पंडरिया विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम मोहगांव में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी हाई स्कूल क्रिकेट मैदान में किकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मिली जानकारी के अनुसार इंडियन ऑयल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन का 34 वर्ष था, जिसमें विभिन्न ग्रामों व शहरों के 32 टीमों में उक्त प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, तथा फाइनल प्रतियोगिता मोहगांव एव मोहतरा कला के मध्य खेला गया जिसमें मोहतरा टीम के खिलाड़ियों द्वारा भव्य खेल का प्रदर्शन किया एवं प्रथम स्थान प्राप्त किए। वहीं आयोजक टीम मोहगांव ने उक्त प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उक्त प्रतियोगिता में दो वर्षो से स्थानीय मृत्युजंय किसान सेवा केन्द्र पेट्रोल पंप मोहगांव के द्वारा प्रथम पुरस्कार तीन हजार एक रूपए विजेता टीम को दिया गया वहीं द्वितीय पुरस्कार पंद्रह हजार एक रूपए सरपंच घुरूहू पनागर के द्वारा प्रदान किया गया। उक्त क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि धन्नु चद्रवंशी पूर्व व्याख्याता, विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेन्द्र चंद्रवंशी, घुरूहू पनागर, नंदकुमार चंद्रवंशी, हेमचंद चंद्रवंशी, प्रदीप गोस्वामी, लक्ष्मण केशरवानी व कैलाश चंद्रवंशी एवं लक्ष्मण चंद्रवंशी सहित ग्राम व आसपास क्षेत्र के गणमान्य नागरिक तथा क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।

### आरपीएस स्कूल में बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ कार्यक्रम का आयोजन




**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान 100 दिवसीय बाल विवाह रोकथाम अभियान के अंतर्गत श्री रामकृष्ण पब्लिक विद्यालय में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा 100 दिवसीय बाल विवाह रोकथाम एवं बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ अभियान के संदर्भ में कार्यक्रम आयोजित कराया गया। विद्यालय के प्रार्थना स्थल पर सभी विद्यार्थियों को कतारबद्ध कराया गया, कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्राचार्या एवं विद्यालय के संचालक उपस्थित थें। कार्यक्रम की शुरूआत महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत विनय जंघेल के उद्बोधन से हुआ। अपने वक्तव्य में उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बाल विवाह करने के दुष्परिणामों से परिचित कराया और न्यायिक कार्यवाही की विस्तृत जानकारी दी। बाल विवाह के अपराधियों हेतु विभिन्न धाराओं एवं अधिनियमों से परिचित कराया। अंततः उन्होंने समस्त विद्यार्थियों को बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ दिलाया। कार्यक्रम में उनके साथ अविनाश ठाकुर, घनश्याम साहू मिशन समन्व्यक उपस्थित थे। इस जागरूकता कार्यक्रम के लिए समस्त विद्यालय परिवार ने उन्हें आभार संप्रेषित किया।

## निधन

### उमाशंकर शुक्ला



**हरिभूमि कुण्डा।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम माकरी निवासी व समाज के कर्मठ और साहसी व्यक्तित्व, डीपी विप्र महाविद्यालय बिलासपुर के पूर्व प्राचार्य एवं हाईकोर्ट अधिवक्ता उमाशंकर शुक्ला का निधन हो गया। उनके निधन की सूचना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं स्व. उमाशंकर शुक्ला का अंतिम संस्कार ग्राम माकरी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान ग्राम सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक तथा ग्रामीण जन उपस्थित होकर श्री शुक्ला को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# धान खरीदी बंद होने से किसानों का फूटा गुस्सा, घंटों तक चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत धान खरीदी केंद्र पेंड्री-नवापारा में दो दिनों से धान खरीदी बंद रहने के कारण मंगलवार को किसानों का आक्रोश सड़कों पर देखने को मिला। समिति के अंतर्गत आने वाले किसानों ने धान से भरे ट्रैक्टर-ट्रालियों को प्रतापपुर-कुंडा मेन रोड पर खड़ा कर घंटों चक्का जाम कर दिया। इससे मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। किसानों ने बताया कि वे सुबह करीब 4 बजे से धान बेचने के लिए ट्रैक्टर-ट्रालियों के साथ लाइन में लगे थे, लेकिन धान खरीदी केंद्र में न तो खरीदी शुरू हुई और न ही ट्रैक्टर ट्रालियों को खाली कराया गया। किसानों का कहना है कि वर्तमान में विवेक चंद्राकर मौखिक रूप से धान प्रभारी के तौर पर कार्य कर रहे थे, लेकिन उन्हें अब तक लिखित आदेश नहीं मिला था। लिखित जिम्मेदारी न होने के कारण वे धान खाली कराने का निर्णय नहीं ले पा रहे थे, जिससे किसानों में असंतोष बढ़ता गया। इसी दौरान किसानों का आरोप है कि सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष द्वारा किसानों के साथ कथित तौर पर अशोभनीय शब्दों का प्रयोग किया गया, जिससे आक्रोश और भड़क गया। इसके बाद किसानों ने नारेबाजी करते हुए स्पष्ट किया कि जब तक समिति अध्यक्ष किसानों से सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगेंगे, तब तक सड़क से जाम नहीं हटाया जाएगा। जिस पर किसान अरूण दिवाकर, उत्तर दिवाकर, जगदीश भास्कर, जगमाल चंद्राकर सहित अन्य किसानों ने बताया कि धान खरीदी केंद्र में अव्यवस्था और जिम्मेदारियों के स्पष्ट निर्धारण के अभाव में किसानों को बार-बार परेशान होना पड़ रहा है। वहीं उन्होंने समिति अध्यक्ष बालमुकुंद चंदवंशी पर भी नाराजगी जाहिर की।

### समिति अध्यक्ष ने किसानों से मांगी माफी



सुपरवाइजर दुष्यंत दीवान ने बताया कि अब तक लिखित रूप से किसी को धान प्रभारी नियुक्त नहीं किया गया था, इसी कारण असमंजस की स्थिति बनी। फिलहाल समिति अध्यक्ष द्वारा प्रबंधन संभाला जा रहा था। उन्होंने बताया कि शनिवार से विवेक चंद्राकर को विधिवत धान खरीदी का प्रभारी बना दिया गया है और अब समिति के कर्मचारी धान खरीदी का कार्य कर रहे हैं। काफी देर चले चक्का जाम के बाद अंततः समिति अध्यक्ष ने किसानों के सामने झुककर माफी मांगी, जिसके बाद किसानों ने सड़क से ट्रैक्टर-ट्रालियां हटाईं और यातायात बहाल हुआ। प्रशासन और समिति प्रबंधन ने आगे ऐसी स्थिति न बनने देने का आश्वासन दिया है।

### गांव गांव तक पहुंच रही पक्की सड़कें, सात से अधिक गांवों को मिलेगी सुगम आवागमन की सुविधा

# विधायक ने 8.38 करोड़ से अधिक सड़क निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के सतत प्रयासों से पंडरिया विधानसभा के गांव-गांव तक पक्की सड़कों का निर्माण सुनिश्चित हो रहा है। वहीं मंगलवार को पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने 8 करोड़ 38 लाख 8 हजार रुपए की लागत से निर्मित होने वाले मेन रोड से उदका तक 14 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया और क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी। यह सड़क क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित मांग थी, जो अब साकार हो रही है। इस सड़क के निर्माण से ग्राम मोहतरा, सारुपारा, झिरियाकला, झिरियाखुर्द, बुचीपारा, नवागांव, टिकैत एवं उदका सहित आस-पास के विभिन्न गांव में निवासरत परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होने कहा कि ग्रामीणों को आवागमन में होने वाली कठिनाइयों से राहत मिलेगी तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और व्यापार से जुड़ी सुविधाओं तक पहुंच और अधिक सुगम होगी। विशेष रूप से किसानों को अपनी उपज मंडी तक पहुंचाने में समय और लागत दोनों की बचत होगी। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन होने पर विधायक श्रीमती भावना बोहरा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सड़क उनके दैनिक जीवन को आसान बनाएगी और क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

### भाजपा सरकार की प्राथमिकता हर गांव तक पक्की सड़कें पहुंचे




विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास ही सशक्त प्रदेश की नींव होता है। बेहतर सड़कें न केवल आवागमन का साधन होती हैं, बल्कि वे गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य भी करती हैं। भाजपा सरकार की प्राथमिकता है कि हर गांव तक मजबूत, सुरक्षित और पक्की सड़कें पहुंचे। यह सड़क निर्माण कार्य क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, रोजगार के अवसरों और आपातकालीन सेवाओं को भी मजबूती देगा। एम्बुलेंस, स्कूल वाहन और अन्य आवश्यक सेवाएं अब ग्रामीण अंचलों तक आसानी से पहुंच सकेंगी। क्षेत्रवासियों की यह बहुप्रतीक्षित मांग रही है और जनता ने हम पर जो विश्वास जताया है ऐसे में हमारा कर्तव्य है कि उनकी आकांक्षाओं को हम पूरा करें। यह परियोजना न केवल एक सड़क निर्माण है, बल्कि ग्रामीण आत्मनिर्भरता, सुविधा और विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है, जो पंडरिया विधानसभा को नई ऊंचाइयों की ओर ले जाएगा।

# सर्वर डाउन होने से केवाईसी कार्य बाधित, ग्रामीण हितग्राही राशन से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वर डाउन रहने के कारण राशन कार्ड धारकों की के वा ई सी प्रक्रिया बाधित हो रही है। केवाईसी नहीं हो पाने से कई हितग्राहियों को पिछले दो से तीन माह से शासकीय उचित मूल्य दुकान से चांवल नहीं मिल पा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोलेगांव निवासी श्रीमती मोगरा बाई शर्मा ने बताया कि वे लगातार सोसायटी जाकर केवाईसी कराने का प्रयास कर रही हैं, लेकिन सर्वर डाउन होने के कारण उन्हें हर बार खाली हाथ लौटना पड़ता है। केवाईसी नहीं होने से शासन की खाद्य एवं अन्य जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन द्वारा राशन कार्ड जारी किए जाने के बावजूद त क नी की कारणों से उन्हें राशन से वंचित रहना पड़ रहा है, जो गंभीर चिंता का विषय है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि सर्वर की समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए अथवा वैकल्पिक व्यवस्था बनाकर हितग्राहियों को चांवल उपलब्ध कराया जाए, ताकि कोई भी पात्र परिवार राशन से वंचित न रहे।

### जेवडन खुर्द से पिपरिया सड़क पर उड़ती धूल बनी लोगों के लिए मुसीबत



**हरिभूमि बरबसपुर।** विधानसभा क्षेत्र कवर्धा के अंतर्गत ग्राम जेवडन खुर्द से पिपरिया जाने वाली पीएम सड़क की हालत बेहद खराब हो चुकी है। ग्रामीणें से मिली जानकारी के अनुसार ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में गुणवत्ताहीन मटेरियल के उपयोग के कारण इस सड़क की डामर की परते बरसात के दौरान उखड़ गई, जिससे ग्राम जेवडन खुर्द से पिपरिया सड़क पर जगह-जगह छोटे बड़े गड्ढे बन गए तथा इस सड़क जर्जर व बदहाल होने के कारण आवागमन बाधित एवं धूल-गुब्बारे उठने के कारण ग्रामीणों व राहगीरों को आवाहाजी में भारी दिक्कते व परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। साथ ही साथ धूल गुब्बारे उठने से ग्रामीणों तथा राहगीरों को सांस लेने में खासी दिक्कते तथा स्वास्थ्य पर गहरी प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीण रहवासियों ने बताया कि यह सड़क ग्राम जेवडन खुर्द से बांझीमौहा, नवागांव, चरडोगरी, झिरना होते हुए पिपरिया पहुंच मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन सुबह से देर शाम तक ग्रामीणों का आना-जाना लगा रहता है। जिस पर ग्रामीणों का कहना है कि यदि जिम्मेदार ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्तायुक्त मटेरियल का उपयोग होता तो बारिश के बाद सड़क पूरी तरह पक्की तथा आवागमन में ग्रामीण रहगीरों को सुविधा मिलती। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि पीएम सड़क की शीघ्र सुधार व मरम्मत कार्य की मांग की गई ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की बुनियादी सुविधा मिल सके।

## गायत्री गुरुकुल में विज्ञान प्रदर्शनी और आनंद मेला का आयोजन



**हरिभूमि पोंड़ी।** गायत्री गुरुकुल हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल लेंजाखार-पोंड़ी में सोमवार को विज्ञान प्रदर्शनी एवं आनंद मेला का भव्य आयोजन किया गया। शिक्षा के साथ संस्कार के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने लगभग 100 विभिन्न विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए, वहीं आनंद मेले में करीब 50 प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए। इस कार्यक्रम का शुभारंभ देवपूजन एवं राजकीय गीत के साथ हुआ। विद्यालय के स्काउट-गाइड प्रभारी बलराम पटेल एवं स्काउट-गाइड विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत लेंजाखार सरपंच जितेंद्र कुमार साहू एवं ग्राम पंचायत पोंड़ी की सरपंच श्रीमती मिथिला मोतीराम साहू उपस्थित थें। विशिष्ट अतिथि संजय गुप्ता (प्राचार्य), कबीरधाम प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन अध्यक्ष अश्वनी श्रीवास एवं उपाध्यक्ष शिवनारायण यादव, भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री पूर्णेन्दु सिन्हा, समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ जिलाध्यक्ष सोनी वर्मा सहित कार्यक्रम अध्यक्ष जयचंद वर्मा शामिल थें। विज्ञान प्रदर्शनी एवं आनंद मेले के अवलोकन हेतु शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय लेंजाखार, नमिता पब्लिक स्कूल पोंड़ी, सरस्वती शिशु मंदिर पोंड़ी तथा पीएम श्री सेजेस पोंड़ी के विद्यार्थी एवं स्टाफ के साथ बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित थें। विद्यालय के प्राचार्य हरिश कुमार साहू ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारना एवं उन्हें मंच प्रदान करना है। उन्होंने आगामी सत्र में अंग्रेजी माध्यम से विद्यालय संचालन तथा समय की मांग को ध्यान में रखते हुए कम्प्यूटर एवं संगीत कक्षाएं प्रारंभ करने की जानकारी भी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में संचालन समिति के अध्यक्ष जयचंद वर्मा, उपाध्यक्ष गंगाराम साहू, सचिव रामदयाल साहू, प्रबंधक शत्रुहन वर्मा, कोषाध्यक्ष मुकाराम साहू सहित समरू साहू, राजकुमार वर्मा, मनोहर साहू, बलदेव वर्मा, वेद साहू (पत्रकार), भगवती प्रसाद वर्मा, रंजीत साहू, दिलीप श्रीवास्तव, रम्हलू साहू, पुरन वर्मा, सुनील जायसवाल, उमेश वर्मा, अरुण वर्मा एवं अन्य गणमान्य लोगों का विशेष योगदान रहा।

### सामान्य आग को बुझाने सुरक्षित एवं वैज्ञानिक तरीकों का जीवंत प्रदर्शन

# अभ्युदय स्कूल में फॉयर सेफ्टी मॉक ड्रिल का जीवन-रक्षक प्रशिक्षण




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध नगर के प्रतिष्ठित अभ्युदय स्कूल कवर्धा में सोमवार को सुरक्षा एवं जागरूकता के उद्देश्य से फॉयर सेफ्टी मॉक ड्रिल का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। यह मॉक ड्रिल फॉयर सेफ्टी कवर्धा के नेतृत्व में उनकी संपूर्ण टीम के सहयोग से संपन्न हुई, जिसमें विद्यालय परिसर को वास्तविक आपात स्थिति जैसा वातावरण बनाकर अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण, प्राथमिक एवं माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थी साथ ही विद्यालय के ड्राइवर एवं कंडक्टर बड़ी संख्या में उपस्थित थें। मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य आग लगने की आकस्मिक स्थिति में विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं वाहन स्टॉफ को सुरक्षित तरीके से बाहर निकालना तथा जान-माल की रक्षा के उपायों से अवगत कराना था।

मॉक ड्रिल के दौरान विद्यालय परिसर में सायरन बजाकर आपातकालीन स्थिति का संकेत दिया गया, जिससे बच्चों में वास्तविक परिस्थिति जैसा अनुभव उत्पन्न हुआ। फॉयर सेफ्टी टीम ने क्रमबद्ध तरीके से सुरक्षित निकासी एकत्रीकरण स्थल की पहचान तथा घबराहट से बचते हुए अनुशासन बनाए रखने के उपायों की जानकारी दी। बच्चों को यह भी समझाया गया कि आग लगने की स्थिति में धुएं से कैसे बचना चाहिए, नीचे झुककर चलना क्यों आवश्यक है तथा बिना अफरा-तफरी के शिक्षकों के निर्देशों का पालन करना कितना महत्वपूर्ण होता है। फॉयर सेफ्टी कवर्धा की टीम द्वारा गैस सिलेंडर से लगी आग, पेट्रोल से लगी आग एवं घरों में लगने वाली सामान्य आग को बुझाने के विभिन्न सुरक्षित एवं वैज्ञानिक तरीकों का जीवंत प्रदर्शन किया गया। अग्निशमन यंत्रों के सही उपयोग, बालू एवं गीले कपड़े से आग बुझाने की विधि तथा बिजली से लगी आग में बरती जाने वाली सावधानियों की भी विस्तृत जानकारी दी गई, जिसे उपस्थित सभी लोगों ने ध्यानपूर्वक देखा और समझा।

विद्यालय के प्राचार्य तोरण साहू ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि वर्तमान युग में शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन की हर परिस्थिति के लिए सक्षम बनाना है। आगजनी, भूकंप अथवा अन्य आपातकालीन स्थितियां बिना सूचना के आ सकती हैं, ऐसे में सही समय पर सही निर्णय लेना ही जीवन की रक्षा करता है। फॉयर सेफ्टी मॉक ड्रिल जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मसंयम, सतर्कता एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। इससे बच्चे घबराने के बजाय विवेक और अनुशासन के साथ परिस्थितियों का सामना करना सीखते हैं।

उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल अध्ययन का केंद्र नहीं, बल्कि सुरक्षा, संस्कार एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की शिक्षा देने वाला संस्थान है। आज प्राप्त यह प्रशिक्षण बच्चे न केवल विद्यालय में, बल्कि अपने घर, मोहल्ले एवं समाज में भी उपयोग कर सकेंगे, जिससे वे स्वयं के साथ-साथ दूसरों की भी सुरक्षा कर पाएंगे।

# मां महामाई व श्री हनुमंत लाल की वर्षगांठ पर पांच दिवसीय मानस प्रवचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



मां महामाई एवं श्री हनुमंत लाल के स्थापना के 22वें वर्षगांठ के पावन अवसर पर ग्राम चुचरूंगपुर-गुढ़ा में आयोजित पांच दिवसीय मानस प्रवचन पुष्पमाला के चतुर्थ दिवस भक्ति, ज्ञान और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में भागवत भूषण, मानस केशरी, मानव कल्याण आश्रम एवं श्री करपात्री गौशाला पण्डरभट्ठा (झाल) के संस्थापक पं प्रमोद शास्त्री महाराज ने अपनी मधुर एवं ओजस्वी वाणी से श्री हनुमान की दिव्य कथाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा प्रवचन के दौरान पं प्रमोद शास्त्री महाराज ने कहा कि श्री हनुमान बल और बुद्धि के खान थे।

उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से बताया कि हनुमान ने तमोगुण के प्रतीक सिंहिका का वध किया, जबकि रजोगुण के प्रतीक लंकिनी को केवल अधमरा किया, क्योंकि सृष्टि के संचालन हेतु रजोगुण का अस्तित्व आवश्यक है। यह प्रसंग जीवन में संतुलन और विवेक के महत्व को दर्शाता है। प्रवचन में आगे बताया गया कि जब हनुमान विभीषण के घर के समीप पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि विभीषण जागते समय भी राम-राम का जाप कर रहे थे और उनके घर में राम नाम अंकित था। यह देखकर हनुमान तुरंत समझ गए कि विभीषण सज्जन एवं धर्मात्मा हैं तथा उनसे कार्य सिद्ध होगा। इसी प्रकार लंका दहन के प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि सोने की लंका जलने पर भी काली नहीं हो रही थी, क्योंकि सोना अग्नि में तपकर और अधिक चमकता है। शनिदेव से जुड़े प्रसंग का उल्लेख करते हुए महाराज ने बताया कि रावण के सिंहासन के नीचे सिर झुकाए बैठे शनिदेव हनुमान से उन्हें सीधा करने की प्रार्थना करते हैं। जब हनुमान ने शनिदेव को सीधा किया और उनकी दृष्टि लंका पर पड़ी, तब सोने की लंका काली हो गई। इस प्रसंग के माध्यम से उन्होंने कर्म और दृष्टि के प्रभाव को सरल शब्दों में समझाया। इस पावन अवसर पर आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं। संपूर्ण वातावरण राम नाम और हनुमान भक्ति से सराबोर है।

**मौसम:** मैकल हिल में प्रकृति का नजारा देखने पहुंच रहे पर्यटक

# चिल्फीघाटी में पाले की चादर, कड़ाके की ठंड के बीच 4 डिग्री पहुंचा तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭चिल्फीघाटी

सतपुड़ा पर्वतमाला की मैकल हिल श्रृंखला में स्थित चिल्फी घाटी इन दिनों भीषण ठंड और अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य के कारण खास सुर्खियों में है। जनवरी माह में यहां ओस की बूंदें जमने लगी हैं। मंगलवार की सुबह न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे घाटी से लेकर रेंगाखार के जंगलों तक घास, पेड़-पौधों और पत्तों पर जमी ओस बर्फ की तरह चमकती नजर आई।

चारों ओर फैले साल वृक्षों के कारण पूरे वनांचल क्षेत्र में ठंड का प्रभाव अधिक महसूस किया जा रहा है। सुबह 6 बजे तक जंगल और गांव सफेद परत में ढके रहते हैं, जो पर्यावरण प्रेमियों और प्रकृति फोटोग्राफरों को खासा आकर्षित कर रहा है। कड़ाके की ठंड के बीच पर्यटन गतिविधियों में भी तेजी आई है। मैकल हिल क्षेत्र में मैकल हिल एवं सरई पर्यटन समिति द्वारा पर्यटकों को नेचर वॉक, जंगल ट्रैकिंग और पहाड़ी पैदल भ्रमण कराया जा रहा है। ठंडी हवाओं, साल वृक्षों और जमी ओस के बीच ट्रैकिंग करना पर्यटकों के लिए रोमांचक अनुभव बन रहा है। इसके साथ ही बैगा संस्कृति आधारित ईको-टूरिज्म को भी नया आयाम मिल रहा है। पर्यटकों को बैगा जनजाति की जीवनशैली, पारंपरिक खान-पान, लोकसंस्कृति और प्रकृति से जुड़े रहन-सहन से रूबरू कराया जा रहा है। इससे न सिर्फ स्थानीय संस्कृति को पहचान मिल रही है, बल्कि वनांचल क्षेत्र में रोजगार और सतत पर्यटन को भी बढ़ावा मिल रहा है।



### पंडरिया के वनांचलों में जम रही ओस

जिले के विकासखण्ड बोड़ला के चिल्फीघाटी की ही तरह इस बार विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल ईलाकों में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इस वनांचल से निकलकर आ रही खबरों के मुताबिक यहां भी बीते दो दिनो से तापमान में जबरदस्त गिरावट देखी जा रही है। आलम ये है कि रात का तापमान करीब पांच डिग्री तक दर्ज किया जा रहा है। इन हालातों में यहां भी रात के समय आसामान से गिरने वाली ओस सुबह बर्फ का रूप ले रही है और लोगों को सुबह वनांचल के खेत, खलिहानो, घरों की छतो, झाड़ियों में बर्फ की सफेद चादर बिछी दिखाई दे रही है। कुल मिलकार इस बार पंडरिया के वनांचल में लोग प्राकृति की खूबसूरती देख पा रहे हैं।



### रबी फसलों पर मौसम का अनुकूल प्रभाव

विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की ठंड से पर्यावरण संतुलन बेहतर होता है। रबी फसल गेहूं के लिए यह मौसम अनकूल है, हालांकि मटर, चना और अरहर की फसलों में फूल आने की अवस्था पर पाले से नुकसान की आशंका बनी हुई है। ठंड से बचाव के लिए आदिवासी गांवों में लोग अलाव जलाकर राहत पा रहे हैं। गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई है और ग्रामीणों की दिनचर्या देर से शुरू हो रही है। सर्दी-खांसी और जुकाम के मामलों में भी वृद्धि देखी जा रही है, विशेषकर बच्चों में। कुल मिलाकर चिल्फी घाटी और मैकल हिल क्षेत्र इन दिनों ठंड, रोमांच, संस्कृत और ईको-टूरिज्म का अनूठा संगम बनकर उभर रहा है।

## स्वर्ण पदक जीतने वाली कवर्धा की बेटी रिया का डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने किया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

बिहार की राजधानी पटना में 25 से 29 दिसंबर तक आयोजित साउथ एशियन बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। इस प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत, नेपाल, भूटान और श्रीलंका सहित चार देशों की टीमों ने भाग लिया था। इस चैंपियनशिप में भारत की विजेता टीम का हिस्सा बनकर देश और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने वाली कवर्धा की होनहार खिलाड़ी सुश्री रिया तिवारी का उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सम्मान किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने रिया को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनकी उपलब्धि की सराहना की तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि रिया तिवारी की यह उपलब्धि न केवल कवर्धा जिले बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रिया ने यह सिद्ध कर दिया है कि प्रतिभा, अनुशासन और कठिन परिश्रम से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रिया भविष्य में भी देश के लिए अनेक पदक जीतेंगी और प्रदेश की नई पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेंगी। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने यह भी कहा कि राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान कर रही है। खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, सुविधाएं और प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, ताकि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बना सकें।

## खबर संक्षेप

### स्कूल भवन का किया मरम्मत कार्य

**कवर्धा।** ग्राम पंचायत राजाढ़ार के आश्रित ग्राम बेलपानी स्थित नवीन प्राथमिक शाला भवन में 1 लाख रुपए की लागत से भवन मरम्मत एवं उन्नयन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, कवर्धा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राथमिक शाला भवन का मरम्मत एवं उन्नयन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। मरम्मत कार्य के अंतर्गत विद्यालय भवन में नए टीन का उपयोग किया गया है।

### रोवर्स-रेंजर्स प्रथम राष्ट्रीय जंबूरी के लिए रवाना

**कवर्धा।** भारत स्काउट एवं गाइड के तत्वावधान में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर्स-रेंजर्स जंबूरी में सहभागिता के लिए जिला कबीरधाम की टीम उत्साहपूर्वक रवाना हो गई है। यह राष्ट्रीय जंबूरी जिला बालोद के ग्राम दूधली में 09 जनवरी से 13 जनवरी 2026 तक आयोजित की जा रही है, जिसमें देशभर से रोवर्स और रेंजर्स भाग लेकर प्रशिक्षण, सेवा और सांस्कृतिक गतिविधियों में हिस्सा लेंगे। जिला कबीरधाम से इस जंबूरी में कुल 237 रोवर्स-रेंजर्स प्रतिभागी सम्मिलित हो रहे हैं। जिले की टीम का नेतृत्व कंटिजेंट लीडर सुजीत कुमार गुप्ता, अजय चंद्रवंशी, संजू मिश्रा, भगवती हठीले, ईशाक खान, विजय कुमार साहू कर रहे हैं। सभी प्रतिभागी निर्धारित अनुशासन एवं स्काउट-गाइड के मूल सिद्धांतों के साथ जंबूरी में भाग लेने के लिए तैयार हैं। जंबूरी के लिए प्रस्थान से पूर्व जिले में एक रवानगी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भारत स्काउट एवं गाइड संगठन तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने प्रतिभागियों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

## धान संग्रहण केन्द्रों में करोड़ों के धान का नुकसान

- प्रदेश के दूसरे संग्रहण केंद्रों की तुलना में जिले की स्थिति बेहतर होने का विभागीय दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



जिले में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान के भंडारण को लेकर बड़ा मामला सामने आया है। विपणन विभाग के अनुसार कवर्धा जिले के दो संग्रहण केन्द्रों से करीब 26 हजार क्विंटल धान गायब हो गया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 7 करोड़ रुपए बताई जा रही है। संबंधित विभागीय अधिकारियों के का दावा है कि यह नुकसान मौसम के प्रभाव और चूहे, दीमक व कीड़ों द्वारा धान को क्षति पहुंचने के कारण हुआ है, लेकिन प्रारंभिक जांच में गंभीर अनियमितताओं के संकेत भी मिले हैं। मामला साल 2024-25 में समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीदे गए धान के भंडारण से जुड़ा है. जिले के दो प्रमुख संग्रहण केंद्र बाजार चारभाठा और बघर्रा में कुल 7 लाख 99 हजार क्विंटल धान रखा गया था। जब धान के उठाव के बाद मिलान किया गया, तो इन दोनों केंद्रों से 26 हजार क्विंटल धान की कमी पाई गई। इसमें सबसे अधिक गड़बड़ी बाजार चारभाठा संग्रहण केंद्र में सामने आई, जहां से अकेले 22 हजार क्विंटल धान गायब पाया गया। इस गड़बड़ी को लेकर बाजार चारभाठा संग्रहण केन्द्र के प्रभारी के खिलाफ उच्च स्तरीय शिकायत दर्ज कराई गई है। आरोप है कि प्रभारी ने उपार्जन केन्द्र के जिम्मेदारों के साथ मिलकर धान की फर्जी आवक-जावक दर्शाई, डैमेज धान खरीदी के फर्जी बिल बनाए, मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाई और संग्रहण केन्द्र में लगे सीसीटीवी कैमरों से बार-बार छेड़छाड़ कर सुनियोजित तरीके से हेराफेरी की है। बताया जा रहा है कि इस पूरे मामले में करीब 5 करोड़ रुपए की हेराफेरी हुई है। जिला विपणन अधिकारी अभिषेक मिश्रा ने बताया कि संग्रहण केन्द्र प्रभारी प्रितेश पांडेय को हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि धान की कमी मौसम और कीट-पतंगों से हुए नुकसान के कारण बताई गई है। प्रदेश के अन्य 65 संग्रहण केन्द्रों की तुलना में जिले की स्थिति बेहतर है। वहीं जांच कर रहे सहायक जिला खाद्य अधिकारी मदन साहू ने कहा कि शिकायत गंभीर है, प्रारंभिक जांच में आरोप सही पाए गए हैं। जांच के लिए टीम गठित की गई है और अंतिम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## किसान को मारपीट व जान से मारने की धमकी देने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया



ग्रामीण किसान के घर में घुसकर उसके साथ मारपीट, जान से मारने धमकी और गाली गलौंच करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आरोपियों के खिलाफ विरूद्ध अपराध क्रमांक 03/2026 बारा 331 (6) 296,115 (2)351, (3).3. (5) बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई है। इस संबंध में पिपरिया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी द्वारिका चन्द्रवंशी पिता स्व. उधोराम साहू साकिन डेहरी थाना पिपरिया के द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की 3 जनवरी की रात करीबन 08.00 बजे अरोपी मुन्ना साहू, उमेश साहू, रमेश साहू निवासी डेहरी के द्वारा खेत को लेकर उसके घर में घुसकर गांली गलौच तथा मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। इस मामले की जांच उपरांत पुलिस ने आरोपी मुन्ना साहू पिता गुनुराम साहू उम्र 50 साल, उमेश साहू पिता मुन्नाक साहू उम्र 29 साल तथा रमेश साहू पिता मुन्ना साहू उम्र 22 साल तीनो निवासी ग्राम डेहरी थाना पिपरिया को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है आरोपियों के खिलाफ इसी तरह की रिपोर्ट कैलाश चंद्रवंशी ने भी कराई थी।

## स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल कवर्धा में सपनों का उड़ान विषय पर कार्यशाला का आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए स्वामी आत्मानंद विद्यालय कवर्धा दुर्गावती चौक में सपनों का उड़ान कार्यक्रम रखा गया जिसमें चरित्र निर्माण विषय पर अशोक कुमार चंद्रवंशी प्रमुख वक्ता द्वारा विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण के संबंध में व्याख्यान प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेमचंद जैन अध्यक्षता चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी नगर पालिका अध्यक्ष विशेष अतिथि के रूप में सूचित बोथरा नीरज मंजीत सचिन गुप्ता विद्यालय के एसएमडीसी अध्यक्ष पीयूष राजा टाटिया उपस्थित रहे सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास के लिए अथक परिश्रम करने का आह्वान किया एवं अच्छे नंबरों से पास कर विद्यालय एवं अपने तथा माता-पिता का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किये विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किये कार्यक्रम का संचालन समिति नीलिमा जनार्दन ने किया उक्त अवसर पर विद्यालय के एसएमडीसी के सदस्य भूपेंद्र ठाकुर लक्ष्मण यादव संतोष सिन्हा बद्री झरिया सहित सभी सदस्य एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित थे। विद्यार्थियों ने इसे अपने जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया।

## कवर्धा नगर में गुरु गोबिंद सिंह की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा




सिख समाज कवर्धा द्वारा दशम गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी की जयंती नगर में श्रद्धा, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर समाज के लोगों द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे शहर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। शोभायात्रा की शुरुआत गुरुद्वारा साहिब से हुई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः गुरुद्वारा परिसर में संपन्न हुई। शोभायात्रा में सिख समाज के महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान गुरु गोबिंद सिंह जी के जीवन, त्याग और वीरता से जुड़े संदेशों का गुणगान किया गया। शोभायात्रा में पंच प्यारों की अगुवाई, आकर्षक झांकियां, गतका प्रदर्शन तथा कीर्तन ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। वहीं समाज द्वारा शीतल पेय एवं प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने गुरु गोबिंद सिंह जी के आदर्शों, साहस, समानता और मानवता की सेवा पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम के शांतिपूर्ण एवं अनुशासित आयोजन में प्रशासन का भी सहयोग सराहनीय रहा।

## कृषि महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं कृषि विज्ञान केन्द्र में सीख रहे तकनीकी ज्ञान

**कवर्धा।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के तहत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र के चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं को रेडीधावे कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र में 05 जनवरी 2026 से 07 जनवरी 2026 तक संलग्न किया गया है। कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को उद्यानिकी, शस्य विज्ञान, कीट विज्ञान, रोग विज्ञान, वानिकी एवं कृषि अभियांत्रिकी के नई तकनीक एवं केन्द्र में संचालित अनुसंधान कार्यों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीपी त्रिपाठी द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख उद्देश्य एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा धान, दलहन, तिलहन एवं सब्जियों, फलों के विभिन्न रोग, रोगकारक तथा उनके निदान के संबंध में छात्र-छात्राओं को बताया गया तथा कीट एवं रोग प्रबंधन के लिए किये जा रहे प्रक्षेत्र परीक्षण एवं अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के बारे में अवगत कराया गया। विषय वस्तु विशेषज्ञ, उद्यानिकी, डॉ. एनसी बंजारा द्वारा फलदार पौधों में वानस्तिक प्रर्वधन विधि जैसे गुटी बांधना, कटिंग, बडिंग, ग्राफ्टिंग फलदार वृक्षों को रोग से बचाव के लिए बोर्डो पेस्ट बनाने की विधि, सब्जियों के बीज उत्पादन विधि, सब्जियों के नर्सरी बेड बनाने की विधि का जीवंत प्रदर्शन कराया गया तथा मशरूम उत्पादन की जानकारी दी गई। जिले में हो रहे व्यवसायिक सब्जी जैसे टमाटर, ग्राफ्टेड बैंगन, अरबी, प्याज एवं फल केला एवं पपीता की वैज्ञानिक तकनीक से खेती कर एक व्यवसाय के रूप में अपनाकर छात्र-छात्राएं अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। इजी. टीएस सोनवानी ने फसलों में उपयोग आने वाले नवीन मशीनों के उपयोग तथा रख रखाव की जानकारी दी। डॉ. बीएस परिहार, विषय वस्तु विशेषज्ञ, शस्य विज्ञान मे धान, दलहन, तिलहन की वैज्ञानिक शस्य क्रियाओं तथा केन्द्र में संचालित बीज उत्पादन कार्यक्रम, सीड हब योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. सीपी रहांगडाले, विषय वस्तु विशेषज्ञ, वानिकी ने एग्रो वानिकी के विधियों की विस्तृत जानकारी दी। छात्र-छात्राओं को प्रक्षेत्र के समन्वित कृषि प्रणाली जैसे कुक्कुट पालन, डेयरी पालन, मछली सह बत्तख पालन, मातृ बगीचा एवं बीज उत्पादन इकाई का भ्रमण एवं उनकी जानकारी दी गई।

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना व लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूकता करना उद्देश्य

## यातायात माह 2026 का शुभारंभ, शहर में निकाली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा




यातायात माह वर्ष 2026 का भव्य शुभारंभ गत सोमवार को पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में वीर सावरकर भवन कवर्धा में किया गया। कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधिगण, पत्रकार बंधु तथा पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि यातायात माह का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाना तथा आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता विकसित करना है। उन्होंने नागरिकों से शराब सेवन कर वाहन न चलाने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, तेज गति एवं लापरवाही से वाहन न चलाने तथा यातायात संकेतों का पूर्णतः पालन करने की अपील की। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से सुरक्षित ड्राइविंग को अपनी दैनिक आदत में शामिल करने का आह्वान किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल ने अपने उद्बोधन में सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अधिकांश दुर्घटनाएं मानवीय लापरवाही के कारण होती हैं। उन्होंने गति सीमा का पालन करने, ओवरटेकिंग में सावधानी बरतने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा वाहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज सदैव साथ रखने की समझाइश दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह द्वारा यातायात नियमों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत प्रावधानों, दंडात्मक कार्रवाई तथा सुरक्षित यातायात के महत्व को सरल एवं व्यावहारिक भाषा में समझाते हुए नागरिकों से नियमों का पालन कर स्वयं एवं अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान शहर में आयोजित केपीएल प्रतियोगिता की विजेता एवं उपविजेता टीमों को हेलमेट वितरित किए गए, जिसके माध्यम से यह संदेश दिया गया कि हेलमेट केवल कानूनी औपचारिकता नहीं बल्कि जीवन रक्षा का सबसे प्रभावी साधन है। इसके पश्चात हेलमेट जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक सहित जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों ने सहभागिता की। बाइक रैली के माध्यम से जिलेवासियों को सुरक्षित वाहन संचालन, हेलमेट पहनने एवं यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया गया।

## भगवती वर्मा बने समाज के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



जिला सुरेठी कुर्मी वर्मा समाज की एक आवश्यक बैठक गत दिनो ग्राम पोंड़ी में आयोजित की गई। जिसमें समाज के पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। बैठक में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी, शिवा जी महराज, सरदार वल्लभभाई पटेल की पूजा अर्चना और माल्यार्पण किया गया। बैठक में समाज के वरिष्ठ और युवाओं ने सर्वसम्मति भगवती वर्मा को समाज के अध्यक्ष के रूप में चुनाव गया। यह पल समाज के एक एक व्यक्ति के लिए गौरवान्वित करने वाला पल था, क्योंकि सर्वसहमति से सबकी भागीदारी से अध्यक्ष का चुनाव किया गया। जिला सुरेठी कुर्मी (वर्मा) समाज के पूर्व अध्यक्ष शिवप्रसाद वर्मा ने कार्यक्रम में समाज हित में किए कार्यों को समाज के बीच में रखते हुए बताया कि सामाजिक भवन का निर्माण, समाज के सभी व्यक्ति को समान भाव से बराबरी का सम्मान देते हुए समाज को ऊपर उठाने का काम किया गया। उन्होने कहा कि आप लोगों ने मुझे दो बार अध्यक्ष बना कर समाज की सेवा करने की जिम्मेदारी सौंपा थी। इस दौरान मेरे द्वारा अपने समर्थ के अनुसार जितना हो सका उतना करने का प्रयास निरंतर करते रहा हूं। जिला सुरेठी कुर्मी (वर्मा) समाज के नव नियुक्त अध्यक्ष भगवती वर्मा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में सर्वांगीण विकास और नए नए कार्यों सहित सामाजिक हित को आगे बढ़ाते हुए संकल्पित भाव से काम करेंगे। हर क्षेत्र, हर वर्ग को साथ लेकर चलेंगे। बैठक में प्रमुख बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थत थे।

## राजनांदगांव को एक्सीडेंट मुक्त करने विस अध्यक्ष की पहल

# एनएच में 108 करोड़ की लागत से बनेंगे अंडरपास और सर्विस लेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डॉ. रमन सिंह के प्रयास से एनएच-53 पर सोमनी से चिचोला तक सुरक्षित यातायात हेतु दुर्घटना जनित क्षेत्र पर सर्विस रोड व वाहन अंडर पास का निर्माण कार्य प्रारंभ हो रहा है। राजनांदगांव में यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखकर परिवहन की सुविधाओं के विस्तारीकरण के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 पर सोमनी से लेकर चिचोला तक वाहन सुरक्षा के लिए सड़क सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। जिसमें कुल 3 वाहन अंडरपास और सर्विस मार्ग निर्माण की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और सोमनी से चिचोला तक हादसा मुक्त आवागमन की दिशा में जल्द कार्य प्रारंभ होगा।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री सड़क एवं परिवहन मंत्रालय नितिन गडकरी का आभार व्यक्त करते विधानसभा अध्यक्ष और राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और श्री गडकरी के नेतृत्व में केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे देश में सड़कों का जाल बिछाने का काम हुआ है और राजनांदगांव भी इस कड़ी में कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है।



### हादसे रोकने पहल

विधानसभा अध्यक्ष और राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह और सांसद संतोष पांडेय के प्रयास से इन विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है। जिसके पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को इस सर्विस लेन से लाभ होगा और यह मार्ग हादसों से मुक्त होगा और ग्रामवासियों एवं हाईवे पर आवागमन करने वाले वाहनों को इन सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

### सोमनी से लेकर चिचोला तक होगा निर्माण

इस दिशा में मूंदड़ा कुंज से ट्रांसपोर्ट नगर बायपास तक दोनों तरफ सर्विस रोड और पेंड्री में वाहन अंडरपास के लिए कुल 47 करोड़ लागत, सुंदरा डेंटल कॉलेज से पार्रीनाला तक एक तरफ के सर्विस रोड निर्माण के लिए 7.8 करोड़ लागत, सोमनी गांव के दोनों छोर ईरा मोड तथा खुटेरी मोड तक सर्विस रोड के निर्माण के लिए लगभग 4.78 करोड़ की लागत, महाराजपुर के लिए वाहन अंडरपास एवं मुख्य मार्ग पर दोनों तरफ सर्विस रोड के लिए कुल 22 करोड़ की लागत और चिचोला, एलबी नगर, डोंगरगढ़ रोड के पास वाहन अंडरपास एवं मुख्य सड़क के दोनों ओर सर्विस रोड के लिए कुल 27 करोड़ की लागत की टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है और जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ होने जा रहा है।

# ऑटो, ई-रिक्शा चालकों को नियमों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा मात यातायात पुलिस ने छठवें दिन आटो व ई-रिक्शा चालको को चौक-चौराहों में पहुंचकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया एवं समझाईश दी।

यातायात पुलिस द्वारा ऑटो व ई-रिक्शा चालकों को शहर के नया बस स्टैंड चौक, महावीर चौक, रेलवे ऑटो स्टैंड, पुराना बस स्टैंड में यातायात जनजागरूकता पाम्प्लेट वितरण कर यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

### सम्मान के साथ मिलेगी प्रोत्सान राशि

इस दौरान सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ति व्यक्तियों को शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं एवं मुआवजा योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही सड़क दुर्घटना में घायलों को तत्काल प्राथमिक चिकित्सा उपचार हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र या हॉस्पिटल पहुंचाने वाले व्यक्ति को शासन की ओर से सम्मान पत्र एवं प्रोत्साहन राशि का प्रावधान है। जागरूकता अभियान के तहत लगभग 100 ऑटो व ई-रिक्शा चालकों को जागरूक किया गया है।

### नशे में ना चलाए वाहन

यातायात पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि आप अपने परिवार एवं स्वयं की सुरक्षा के लिए बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलाएं, दुपहिया वाहन में तीन सवारी न चले, वाहन चलाते समय मोबाइल में बात न करें, तेज गति से वाहन न चलाएं, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं, नशे की हालत में कभी भी वाहन न चलाएं, नियंत्रित गति में वाहन चलाएं, संपूर्ण यातायात नियमों का पालन करें। यातायात रथ एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से यातायात जागरूकता अभियान लगातार जारी रहेगा।

**हिन्दू सम्मेलन 12 को : पटेवा।** ग्राम के रामायण ग्राऊंड में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन समिति मंडल पटेवा, घुमका, भैंसातरा के तत्वावधान में आगामी 12 जनवरी को किया गया है। हिन्दू सम्मेलन में अभय बाजपेयी, सीएमएचओ डॉ.नेतराम नवरतन, विजय साहेब इरईकला इन्दुमती मिश्रा अपने विचार रखेंगी।

## गाजमर्रा में भागवत कथा का वाचन 19 से

**कल्याणपुर।** ग्राम गाज़मर्रा में ग्रामवासियों के तत्वावधान में श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम आगामी 19 जनवरी से शुरू होकर 27 जनवरी तक चलेगा। कथावाचक मुकुंद महाराज कथा का रसपान कराएंगे। ग्राम पटेल धनेश्वर वर्मा ने आसपास के समस्त ग्रामवासियों से अधिक अधिक से संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।




# खरीदी केंद्रों से नियमित धान उठाव पर हो फोकस : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने विभागों के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की बारी बारी समीक्षा करते हुए कहा कि सभी स्वीकृत निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिए जाएं, काम प्रारंभ होना लंबित न हो। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से उनके विभाग के अंतर्गत चल रहे कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत टंकी निर्माण और पाइप लाइन बिछाने के पूर्ण हो चुके स्थानों में विद्युत कनेक्शन और पंप इंस्टॉलेशन के लंबित कार्यों के बारे जानकारी ली और कहा कि जल्द सभी कार्य पूर्णता वाले स्थलों में कनेक्शन और इंस्टॉलेशन का कार्य पूर्ण कर लिया जाए। कलेक्टर श्री वर्मा ने पीएम आवास और जनमन के तहत स्वीकृत आवास निर्माण के बारे में सीईओ जनपदों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों जल्द पूरा करें। इसके लिए उन्होंने विभागीय अधिकारियों को नियमित फील्ड निरीक्षण हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर श्री वर्मा ने बैठक में पीएम सूर्यघर के तहत सोलर पैनल इंस्टॉलेशन की गति बढ़ाते हुए योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में आगामी गणतंत्र दिवस के गरिमामयी आयोजन के लिए शासन के निर्देशानुसार विभागीय अधिकारियों को सभी तैयारियां करने के लिए निर्देशित किया गया। राज्य शासन द्वारा जिला मुख्यालय के साथ ब्लॉक, तहसील एवं नगरीय निकायों में आयोजन के लिए प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप आयोजन समारोह का सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। बैठक में एडीएम श्री विनय पोयाम, अपर कलेक्टर नरेंद्र पैंकरा, सभी एसडीएम एवं विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहें।



### केंद्रों से नियमित रूप से हो धान उठाव

धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने खरीदी केंद्रों से नियमित रूप से धान उठाव पर जोर देते हुए कहा कि रोजाना जारी डीओ के विरुद्ध उठाव की रिपोर्टिंग की जाए। खरीदी केंद्रों के नोडल अधिकारी भी उठाव को विशेष प्राथमिकता देते हुए कार्य करें। हर समिति में हो रही खरीदी, बफर लिमिट और उठाव की लगातार मॉनिटरिंग होनी चाहिए।

### एसआईआर के क्रियान्वयन की समीक्षा

एसआईआर के अंतर्गत नो मैपिंग श्रेणी के तहत आने वाले मतदाताओं को नोटिस जारी करने और उनके दस्तावेजों के वेरीफिकेशन के लिए सभी एसडीएम और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों से कहा कि वेरिफिकेशन के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दिया जाना है। अधिकारी इसके लिए अपने विभाग में नोडल नियुक्त करें, जो जिला निर्वाचन शाखा से समन्वय कर सभी अपेक्षित जानकारियां समय से प्रदान करना सुनिश्चित करें। ताकि वेरिफिकेशन चरण का कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके।




